TarunMitra TarunMitra TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

पटना
वर्षः 25 अंक 62
गुरूवार 18 जून, 2026

तापमान
अधिकतम 40°C
न्यूनतम 30°C

मूल्य 3 रुपए पृष्ठ-8

बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित

www.tarunmitra.in

## टेलीग्राम बैन पर राहुल बोले, माफिया पर वार करो



- पेपर लीक रोकने के नाम पर छात्रों को परेशान करने का आरोप
- नीट परीक्षा से पहले केंद्र सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, 17 जून।** नीट परीक्षा से पहले टेलीग्राम पर प्रतिबंध को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पेपर लीक की समस्या का समाधान करने के बजाय छात्रों को परेशान कर रही है। राहुल गांधी ने कहा कि लाखों छात्र टेलीग्राम के माध्यम से पढ़ाई करते हैं और अचानक इस सुविधा को बंद करना समस्या का हल नहीं है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि टेलीग्राम बैन पेपर लीक रोकने के लिए सरकार का नया तरीका है।

उन्होंने आरोप लगाया कि चोरों को पकड़ने के बजाय पीड़ितों के घर पर ताला लगाया जा रहा है।

उनके अनुसार, छात्र लंबे समय से टेलीग्राम पर नोट्स, टेस्ट सीरीज और परीक्षा की तैयारी से जुड़ी सामग्री साझा करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान कड़ी जांच, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाएं केवल दिखावा नहीं होनी चाहिए, बल्कि पेपर लीक की जड़ पर कार्रवाई होनी चाहिए। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पेपर लीक माफिया सरकार की नीतियों के कारण मजबूत हो रहा है और इसका खामियाजा युवाओं को भुगतना पड़ रहा है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील करते हुए कहा कि सरकार को छात्रों पर कार्रवाई करने के बजाय माफिया के खिलाफ कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के युवा अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाना जानते हैं।

# डबल इंजन सहयोग बिहार को ऊंचाइयों पर ले जाएगा : मुख्यमंत्री

## केंद्र सरकार द्वारा बिहार के विकास के लिए बैकलॉग राशि जारी की गई : सम्राट चौधरी

**बैठक**

- इस सहयोग के लिए केंद्र सरकार के प्रति विशेष आभार व्यक्त करता हूं

**पटना, 17 जून।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण सह ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में राज्य के कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े हुये विभिन्न विषयों पर उच्चस्तरीय बैठक की।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बिहार के विकास के लिए बैकलॉग राशि जारी की गई है। इस सहयोग के लिए केंद्र सरकार के प्रति विशेष आभार व्यक्त करता हूं। मनरेगा बकाए के भुगतान का निर्णय ग्रामीण श्रमिकों के हित को सर्वोपरि रखते हुए लिया गया है।

मनरेगा की सभी लंबित राशि का भुगतान केंद्र सरकार के सहयोग से 30 जून से पहले करने पर सहमति बनी है। राज्य में ग्रामीण विकास को नई दिशा देने वाली महत्वाकांक्षी वीबी जी राम जी योजना आगामी 1 जुलाई से पूरी तरह लागू कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, 2.0 के तहत हमलोगों ने बिहार में 01 करोड़ 4 लाख लोगों को चिन्हित किया, जिसमें 60 लाख लोग योग्य पाये गये है।

हमारा आग्रह है कि 60 लाख गरीब परिवारों को जल्द से जल्द पक्का घर मिल जाय। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत राज्य में आवास निर्माण की प्रक्रिया तेज की जाएगी, जिसके अंतर्गत नए वित्तीय वर्ष में पहला मकान बिहार को मिलना तय हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार की आजीविका योजना के तहत जीविका दीदी को मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र में आदर्श केन्द्र की स्थापना किये जाने की जरूरत है, जिसमें बक्सर एवं लखीसराय में टमाटर तथा प्याज के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना का आग्रह करता हूं। कृषि क्षेत्र में नवाचार



और उत्पादकता बढ़ाने के लिए राज्य में विशेष रूप से प्याज, टमाटर, आम आदि कृषि उत्पाद लिए 'आदर्श केंद्रों' की स्थापना की जाएगी। बागवानी क्षेत्र तथा गेहूं एवं धान के उत्पादन को आगे बढ़ाने के लिए काम किया जा रहा है।

बिहार के किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलाने के लिए राज्य के फलों को अंतर्राष्ट्रीय बाजारों से जोड़ा जाएगा। बिहार में बागवानी की अपार संभावनाएं हैं। वैश्विक स्तर पर मखाना की बढ़ती मांग को देखते हुए मखाना बोर्ड के निर्माण की प्रक्रिया जल्द पूरी हो, इसमें आपके सहयोग की आवश्कता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार कृषि रोड मैप को अपनाने वाला देश का पहला राज्य रहा है। इसी गौरव को आगे बढ़ाते हुए अब एकीकृत खेती पर विशेष जोर दिया जाएगा और बिहार को इसके लिए एक मॉडल राज्य के रूप में विकसित किया जाएगा। पर्यावरण संतुलन और कृषि भूमि की उर्वरता बनाए रखने के लिए विभिन्न वॉटरशेड परियोजनाओं और मिट्टी संरक्षण कार्यक्रमों को तेजी से धरातल पर उतारा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सुशासन और सबका साथ, सबका विकास के संकल्प के साथ काम कर रही है। कृषि और ग्रामीण विकास हमारे राज्य की आत्मा हैं। समय की महत्ता और उपयोगिता को समझते हुए हमारी प्रशासनिक टीम बिना किसी समझौते के, पूरी पारदर्शिता के साथ इन योजनाओं को जनता तक पहुंचाएगी। केंद्र और राज्य का यह डबल-इंजन सहयोग बिहार को चौतरफा विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

उन्होंने कहा कि हम सब चाहते है आप हमेशा बिहार आते रहें, आपके अनुभव का लाभ तथा आपका सहयोग हमारे राज्यवासियों को मिलता रहे। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण सह ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की बातों पर अपनी सहमति जताते हुये आश्वासन दिया कि बिहार को कृषि एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व में केन्द्र सरकार का पूर्ण सहयोग मिलता रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ आईपीएस सुंदरराज पी बने एनआईए के आईजी

**रायपुर, 17 जून।** छत्तीसगढ़ कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुंदरराज पी को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी मिली है। केंद्र सरकार ने उन्हें राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) में इंस्पेक्टर जनरल (आईजी) के पद पर नियुक्त किया है।केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस संबंध में छत्तीसगढ़ सरकार को पत्र जारी कर उनकी प्रतिनियुक्ति की जानकारी दी।गृह मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ सरकार से उन्हें शीघ्र कार्यमुक्त करने का अनुरोध भी किया है, ताकि वे अपनी नई जिम्मेदारियों का कार्यभार संभाल सकें।

### राष्ट्रपति कल से मप्र के 5 दिवसीय प्रवास पर

**भोपाल, 17 जून।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 18 जून को मध्य प्रदेश के पांच दिवसीय दौरे पर आ रही हैं। वे यहां 22 जून तक बैतूल, ओंकारेश्वर और जबलपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी और श्योपुर के प्रसिद्ध कूनो नेशनल पार्क का भ्रमण भी करेंगी।उनके प्रस्तावित बैतूल भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज ट्रायल लैंडिंग एवं कारकेड रिहर्सल होगी। जिला प्रशासन के अनुसार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 18 जून को प्रातः 9.25 बजे इंदौर एयरपोर्ट आएंगी। यहां वे प्रातः हेलिकॉप्टर द्वारा बैतूल के लिए रवाना होंगी। राष्ट्रपति प्रातः 11:10 बजे बैतूल में ब्रम्हाकुमारीज के कार्यक्रम में शामिल होंगी।

### गुजरात के वडोदरा में बस हादसा, छह की मौत, 31 घायल

**वडोदरा, 17 जून।** गुजरात के वडोदरा शहर के कोटंबी स्टेडियम के पास आज तड़के करीब चार बजे सड़क हादसे में छह लोगों की मौत और 31 अन्य घायल हो गए। मृतकों में 9 साल का लड़का भी शामिल है। घायलों को एसएसजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि राजस्थान के बांसवाड़ा से सूरत जा रही बालाजी ट्रैवल्स की यह लग्जरी बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से पीछे से टकरा गई। घायल यात्री बंसीलाल ने बताया कि वह काम के सिलसिले में राजस्थान से सूरत जा रहा था। हादसे के समय वह सो रहा था। अचानक जोरदार टक्कर हुई और ऐसा लगा जैसे करंट लग गया हो। उसके साथ दो अन्य युवक भी बस में सवार थे।

### भारत ने कभी पराधीनता सहज स्वीकार नहीं की : डॉ. मोहन भागवत

**उदयपुर, 17 जून।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि भारत का इतिहास गुलामी का नहीं, बल्कि आक्रांताओं के विरुद्ध सतत संघर्ष का रहा है। हल्दीघाटी का युद्ध केवल महाराणा प्रताप या उनकी सेना का युद्ध नहीं था, बल्कि पूरे समाज के सामूहिक प्रतिरोध का प्रतीक था। उन्होंने कहा कि उपलब्ध ऐतिहासिक तथ्यों और स्वयं मुगल इतिहासकारों के विवरणों से स्पष्ट होता है कि हल्दीघाटी में विजय महाराणा प्रताप की ही हुई थी। भागवत बुधवार को उदयपुर के गांधी मैदान में महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती तथा हल्दीघाटी विजय के 450 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'राष्ट्र चेतना संकल्प सभा' को संबोधित कर रहे थे।

## उद्धव ठाकरे को झटका, शिवसेना यूबीटी में बड़ी टूट

**9 में से 6 सांसदों ने छोड़ा उद्धव का साथ**

**मुंबई, 17 जून।** महाराष्ट्र की सियासत में एक बार फिर बड़ा राजनीतिक उलटफेर सामने आया है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे को बड़ा झटका देते हुए पार्टी के छह लोकसभा सांसदों ने अलग राह पकड़ ली है।

इन सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र सौंपकर अलग समूह के रूप में मान्यता देने की मांग की है। शिवसेना (यूबीटी) के लोकसभा में कुल नौ सांसद हैं। इनमें से छह सांसदों के अलग होने की खबर से पार्टी में हलचल तेज हो गई है। रिपोर्टों के अनुसार बागी सांसदों ने एकनाथ शिंदे गुट के साथ जाने की तैयारी शुरू कर दी है। इस घटनाक्रम के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में फिर से सियासी घमासान शुरू हो गया है। उद्धव ठाकरे गुट ने बागी सांसदों के कदम का विरोध किया है और लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर अलग गुट को मान्यता नहीं देने की मांग की है।

शिवसेना में पहले भी बड़ा विभाजन हो चुका है, जब एकनाथ शिंदे ने विधायकों के बड़े समूह के साथ अलग होकर सत्ता समीकरण बदल दिए थे। अब लोकसभा सांसदों में हुई टूट ने उद्धव ठाकरे की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उद्धव गुट के नेताओं का आरोप है कि यह पार्टी को कमजोर करने की कोशिश है।

## 'एक देश, एक चुनाव', 'स्वदेशी' और नागरिक कर्तव्य विकसित भारत के आधारस्तंभ : शिवराज

**पटना, 17 जून (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा महानगर द्वारा राजधानी पटना में आयोजित 'प्रबुद्ध सम्मेलन' को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं।

उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व मंच पर एक मजबूत, आत्मविश्वासी और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। सम्मेलन में उपस्थित बुद्धिजीवियों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकताओं और पार्टी पदाधिकारियों का स्वागत



करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति राष्ट्र और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि लोग उन्हें मंत्री या बड़ा नेता कहते हैं, लेकिन वे स्वयं को हमेशा 'कार्यकर्ताओं का कार्यकर्ता' मानते हैं और यही उनकी सबसे बड़ी पहचान है। अपने संबोधन में उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत के पुनर्जागरण और विश्वगुरु बनने का जो सपना उन्होंने देखा था, वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में साकार होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारत वैभवशाली, गौरवशाली, शक्तिशाली और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक समय ऐसा था जब दुनिया भारत को भ्रष्टाचार और घोटालों के नजरिए से देखती थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व ने देश की छवि को पूरी तरह बदल दिया। आज भारत निवेश, नवाचार, आर्थिक विकास और वैश्विक नेतृत्व के लिए पहचाना जाता है। उन्होंने कहा कि वे पिछले 35 वर्षों से नरेन्द्र मोदी के साथ कार्य कर रहे हैं और उन्होंने हमेशा उन्हें राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाला नेता पाया है। राष्ट्रीय सुरक्षा का उल्लेख करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज का भारत आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने में सक्षम है।

## नीट री-एग्जाम पर सुप्रीम कोर्ट का तत्काल सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली,17 जून।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के उस फैसले को चुनौती देने वाली जनहित याचिका (पीआईएल) पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें नीट-यूजी परीक्षा को रद्द करने और लगभग 22 लाख उम्मीदवारों के लिए देशभर में दोबारा परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया गया था। जब भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत के सामने मामले को तुरंत सूचीबद्ध करने की बात रखी गई, तो कहा गया कि याचिका में 3 मई की परीक्षा को पूरी तरह रद्द करने पर सवाल उठाया गया है और उन लाखों उम्मीदवारों के लिए राहत मांगी गई है जिनका कथित पेपर लीक से कोई लेनादेना नहीं था। हालांकि, सीजेआई ने तुरंत सुनवाई करने से इनकार कर दिया।

## रक्षा उत्पादन ने रचा इतिहास, 1.78 लाख करोड़ पहुंचा भारत का आंकड़ा

**सफलता**

- दस वर्षों में उत्पादन लगभग चार गुना बढ़ा, निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी भी 45 प्रतिशत के पार
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जताई प्रसन्नता, इसे आत्मनिर्भर भारत अभियान की बड़ी सफलता बताया

**नई दिल्ली, 17 जून।** भारत ने रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1.78 लाख करोड़ रुपये का सर्वकालिक उच्च स्तर हासिल किया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह आंकड़ा पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 15.6 प्रतिशत अधिक है। 2024-25 में देश का रक्षा उत्पादन 1.54 लाख करोड़ रुपये रहा था।

सरकार के मुताबिक बीते एक दशक में स्वदेशी रक्षा उत्पादन में लगभग चार गुना वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2013-14 में यह आंकड़ा 43,746 करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर 1.78 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। वहीं 2020-21 के 84,643 करोड़ रुपये के मुकाबले भी उत्पादन में 110 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस उपलब्धि में रक्षा सार्वजनिक उपक्रमों (डीपीएसयू) और निजी क्षेत्र दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कुल रक्षा उत्पादन में डीपीएसयू की हिस्सेदारी 54.84 प्रतिशत रही, जबकि निजी क्षेत्र ने 45.16 प्रतिशत योगदान देकर रक्षा निर्माण में अपनी बढ़ती क्षमता का परिचय दिया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए इसे आत्मनिर्भर भारत अभियान की बड़ी सफलता बताया।

## आने वाले वर्षों में नई ऊंचाइयां छुएंगे भारत-मोनाको संबंधः पीयूष गोयल

**नीस/नई दिल्ली,17 जून।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि उन्होंने मोनाको के प्रिंस अल्बर्ट कक से मुलाकात की और स्थिरता, ब्लू इकोनॉमी, नवाचार और उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में भारत-मोनाको साझेदारी के विस्तार पर चर्चा की। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि उन्होंने नीस में आयोजित प्रमुख 'भारत इनोवेट्स 2026' कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी, जिसने भारत के जीवंत प्रौद्योगिकी और नवाचार इकोसिस्टम को प्रदर्शित किया तथा वैश्विक सहयोग को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'मुझे विश्वास है कि भारत-मोनाको संबंध आने वाले वर्षों में नई ऊंचाइयों को छुएंगे।' इससे पहले, पीयूष गोयल ने नीस में आयोजित 'भारत इनोवेट्स 2026' के समापन समारोह को संबोधित किया और पिछले तीन दिनों में प्राप्त उपलब्धियों पर विश्वास व्यक्त किया।

## महंगाई, बेरोजगारी और किसानों के मुद्दे पर राजद का धरना, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**किशनगंज, 17 जून (हि.स.)।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की ओर से बुधवार को शहर के टाउन हॉल के सामने विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व विधायक अंजार नईमी, पूर्व विधायक सऊद आलम, पूर्व विधायक मास्टर मुजाहिद आलम तथा राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव दानिश इकबाल ने किया। धरने में बड़ी संख्या में पार्टी नेताओं एवं कार्यकताओं ने भाग लिया। धरना के दौरान वक्ताओं ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा व्यवस्था की बदहाली, कानून व्यवस्था की स्थिति, भ्रष्टाचार तथा किसानों की समस्याओं को लेकर राज्य एवं केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना की। नेताओं ने कहा कि लगातार बढ़ रही महंगाई ने गरीब, मजदूर, किसान और मध्यम वर्ग के लोगों की कमर तोड़ दी है। रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल, खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की




कीमतों में लगातार वृद्धि से आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। धरना समाप्त होने के बाद राजद के प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन प्रशासन को सौंपा।

पूर्व विधायक मास्टर मुजाहिद आलम ने कहा कि युवाओं के सामने रोजगार का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं से छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है और बेरोजगारी के कारण युवाओं में निराशा बढ़ रही है।

## भारत-थाईलैंड के बीच रक्षा संबंध होंगे और मजबूत

**नई दिल्ली, 17 जून।** थाईलैंड के बैंकॉक में हुए 10वें रक्षा सम्मेलन में भारत के साथ द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा की गई। दोनों देशों ने पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

थाईलैंड के रक्षा उप स्थायी सचिव एडमिरल नट्टापोल डिएववानिच और भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव सत्यजीत मोहंती की सह-अध्यक्षता में हुए सम्मेलन में दोनों पक्षों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में विकसित हो रहे सुरक्षा परिवेश पर चर्चा के साथ-साथ क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सहयोग को मजबूत करने के महत्व को दोहराया।

### तकनीक आधारित परीक्षा प्रणाली से भर्ती प्रक्रिया होगी तेज, सुरक्षित, पारदर्शी और विश्वसनीय

# नई तकनीक के ट्रैक पर दौड़ेगी रेलवे की भर्ती व्यवस्था

**रमेश चंद्र**

**चर्चा**

- टैबलेट आधारित परीक्षा के विस्तार से पेपर लीक और गड़बड़ियों पर लगेगी रोक
- भर्ती कैलेंडर, डिजिटल निगरानी और संवाद से उम्मीदवारों का भरोसा होगा मजबूत

**नई दिल्ली, 17 जून।** भारतीय रेलवे अपनी भर्ती व्यवस्था को नई तकनीक के साथ अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और समयबद्ध बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठा रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में भर्ती प्रक्रिया के आधुनिकीकरण पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक के बाद यह स्पष्ट किया गया कि कंप्यूटर आधारित परीक्षा की मौजूदा व्यवस्था जारी रहेगी, जबकि जहां तकनीकी और प्रशासनिक रूप से संभव होगा, वहां टैबलेट आधारित परीक्षा का दायरा भी बढ़ाया जाएगा। इसका उद्देश्य भर्ती प्रक्रिया को अधिक तेज, विश्वसनीय और अभ्यर्थी-केंद्रित बनाना है। पिछले कुछ वर्षों में देश की कई प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और परीक्षा प्रबंधन को लेकर उठे सवालों ने भर्ती एजेंसियों के सामने नई चुनौतियां खड़ी की हैं।

ऐसे समय में रेलवे की यह पहल केवल परीक्षा का माध्यम बदलने तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरी चयन प्रक्रिया को तकनीक के सहारे अधिक मजबूत बनाने की कोशिश है। विशेषज्ञों का मानना है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आधारित परीक्षाओं में प्रश्नपत्र सुरक्षित और एन्क्रिप्टेड स्वरूप में परीक्षा शुरू होने से ठीक पहले उपलब्ध कराए जा सकते हैं।

इससे गोपनीयता बनी रहती है और प्रश्नपत्र लीक होने या छेड़छाड़ की आशंका काफी हद तक कम हो जाती है। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्टों में यह संदेश गया कि रेलवे अब पूरी तरह टैबलेट आधारित परीक्षा अपनाने जा रहा है, लेकिन रेल मंत्रालय की आधिकारिक जानकारी इससे अलग तस्वीर पेश करती है।

मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि कंप्यूटर आधारित परीक्षा समाप्त नहीं की जा रही है। बल्कि मौजूदा व्यवस्था को और प्रभावी बनाते हुए टैबलेट आधारित परीक्षा का विस्तार किया जाएगा। यानी दोनों प्रणालियों का उपयोग आवश्यकता, उपलब्ध संसाधनों और परीक्षा की प्रकृति के अनुसार किया जाएगा।

## विपक्ष को कमजोर करने का अभियान चला रही सरकार : जयराम रमेश

**नई दिल्ली,17 जून।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को केंद्र सरकार और केंद्रीय गृह मंत्री पर विपक्ष को कमजोर करने के लिए सुनियोजित राजनीतिक अभियान चलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है, लेकिन विपक्ष इस लड़ाई को पूरी मजबूती से जारी रखेगा।

जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री लगातार विपक्षी दलों को निशाना बना रहे हैं। उनका आरोप है कि यह सब उस राजनीतिक झटके की भरपाई करने के उद्देश्य से किया जा रहा है, जिसका सामना सत्ता पक्ष को 17 अप्रैल 2026 को लोकसभा में कथित तौर पर परिसीमन विधेयक पारित नहीं करा पाने के कारण करना पड़ा था। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि हाल के दिनों में विभिन्न विपक्षी दलों के कई नेता और जनप्रतिनिधि भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से कई नेता केवल दो वर्ष पहले भाजपा विरोधी एजेंडे के आधार पर जनता का समर्थन हासिल कर निर्वाचित हुए थे। उनके अनुसार, इन राजनीतिक घटनाक्रमों के पीछे बड़े स्तर पर प्रलोभन और दबाव की राजनीति काम कर रही है। जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष का यह अभियान पूरी तरह योजनाबद्ध और संसाधनों से संपन्न है। उन्होंने इसकी तुलना म्यूचुअल फंड उद्योग से करते हुए कहा कि जैसे निवेशकों की जरूरत के अनुसार अलग-अलग योजनाएं तैयार की जाती हैं, उसी तरह राजनीतिक लाभ के लिए भी अलग-अलग तरह के प्रलोभनों और रणनीतियों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

# मुहर्रम को लेकर रौतारा थाना में शांति समिति की बैठक, डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध

**खलीफाओं व कमेटी सदस्यों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश, अफवाह फैलाने वालों और उपद्रवियों पर रहेगी कड़ी नजर**



**कोलासी, कटिहार, 17 जून (तरुणमित्र)।** जिला पुलिस अधीक्षक कटिहार के निदेर्शानुसार आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के अनुरूप संपन्न कराने के उद्देश्य से रौतारा थाना क्षेत्र में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिनोदपुर परिसर एवं चंदवा पंचायत में आयोजित हुई, जिसमें मोहर्रम कमेटी के खलीफा, समिति के सदस्य, ग्रामीणों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया।बैठक की अध्यक्षता रौतारा थाना प्रभारी लालासर बिंद ने की।

उन्होंने उपस्थित सभी खलीफाओं एवं समिति सदस्यों से मोहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे और शांति के वातावरण में मनाने की अपील की। थाना प्रभारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि मोहर्रम के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा तथा सरकार और जिला प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः पालन करना अनिवार्य होगा।

बैठक में बताया गया कि जुलूस एवं अन्य धार्मिक आयोजनों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा। असामाजिक तत्वों, नशेड़ियों एवं उपद्रवियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। किसी भी व्यक्ति द्वारा माहौल बिगाड़ने या सांप्रदायिक सौहार्द प्रभावित करने की कोशिश करने पर उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और यदि कोई संदिग्ध गतिविधि या भ्रामक सूचना मिले तो उसकी जानकारी तुरंत पुलिस प्रशासन को दें।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भी प्रशासन की विशेष निगरानी रहेगी। भड़काऊ, आपत्तिजनक अथवा अफवाह फैलाने वाले पोस्ट साझा करने वालों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान मोहर्रम कमेटी के खलीफाओं ने भी प्रशासन को आश्वस्त किया कि सभी ताजिया जुलूस एवं धार्मिक कार्यक्रम निर्धारित नियमों के अनुरूप शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाएंगे तथा प्रशासन का पूरा सहयोग किया जाएगा। प्रशासन ने अंत में सभी लोगों से आपसी सद्भाव, भाईचारा एवं शांति बनाए रखते हुए मोहर्रम पर्व मनाने की अपील की, ताकि क्षेत्र में अमन-चैन का माहौल कायम रहे।

# सीएम आर्ट कॉलेज से कोतवाली थाना तक के सड़क का ढलाई दो दिनों में पूर्ण करने का निर्देश




**दरभंगा, 17 जून (तरुणमित्र)।** मुहर्रम में जुलूस मार्ग को सुगम एवं बाधारहित बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी कौशल कुमार ने सीएम आर्ट कॉलेज, दरभंगा से कोतवाली थाना तक चल रहे सड़क निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने आरसीडी के कार्यपालक अभियंता को समयबद्ध रूप से ढलाई कार्य दो दिनों के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मुहर्रम पर्व के अवसर पर निकलने वाले जुलूस में शामिल स्थानीय नागरिकों को असुविधा न हो इसके लिए जुलूस मार्ग को प्राथमिकता के आधार पर दो दिनों के अंदर पूर्ण करें। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने राम जानकी मंदिर रोड का भी निरीक्षण किया जहां पूर्व में अतिक्रमण हटाने की कारवाई की गई है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वर्तमान स्थिति में तत्काल सड़क को मोटरेबल बनाए ताकि स्थानीय नागरिकों एवं आवागमन करने वालों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

जिलाधिकारी ने कहा कि पर्व - त्यौहार के दौरान आमजनों की सुविधा, यातायात की सुचारु व्यवस्था तथा सुरक्षित आवागमन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सभी संबंधित विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें।

निरीक्षण के दौरान नगर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार, नगर आयुक्त राकेश कुमार गुप्ता, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग सुनील कुमार सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी और मुहर्रम कमिटी के सचिव रुस्तम कुरैशी, कोषाअध्यक्ष इम्तियाज एवं वार्ड 21 के पार्षद नवीन सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# छोहार पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम, मृतक मनीष मंडल के परिजनों से मिल जताई संवेदना



**समेली, कटिहार, 17 जून (तरुणमित्र)।** जिले के समेली प्रखंड अंतर्गत छोहार पंचायत में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं बरारी विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी तौकीर आलम मंगलवार को पहुंचे।

उन्होंने हाल ही में हुई युवक मनीष कुमार मंडल की निर्मम हत्या पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतक के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व छोहार पंचायत निवासी मनीष कुमार मंडल की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी, जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। इस घटना के बाद तौकीर आलम मृतक के घर पहुंचे और परिजनों से मिलकर घटना की जानकारी ली।

उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में कांग्रेस पार्टी परिवार के साथ खड़ी है। तौकीर आलम ने कहा कि इस जघन्य हत्याकांड में दोषियों की जल्द गिरफ्तारी एवं पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए वे प्रशासनिक अधिकारियों से बात करेंगे। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर कटिहार के पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित अधिकारियों से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की जाएगी।

उन्होंने परिजनों को भरोसा दिलाया कि न्याय मिलने तक वे इस मामले को लगातार उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है और ऐसी घटनाएं समाज के लिए चिंता का विषय हैं। अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाना चाहिए। इस अवसर पर कांग्रेस नेता सरदार संजू सिंह, पूर्व प्रमुख प्रकाश मंडल, सरपंच प्रतिनिधि मधुकर कुमार, पंचायत समिति सदस्य विलास हरी, उप मुखिया संजय चौधरी, पूर्व पैक्स अध्यक्ष विकास चौधरी, राहुल भारती, भोला साह, डूमर पंचायत के पूर्व उपसरपंच प्रतिनिधि मनोवर आलम, वार्ड सदस्य सिराजुल आलम सहित कई जनप्रतिनिधि, कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## एएनएमएमसीएच में वार्ड बॉय बना डॉक्टर, जहर खाई महिला का इलाज करते दिखा

**गया, 17 जून (तरुणमित्र)।** जिले के एएनएमएमसीएच अस्पताल एक बार फिर अपनी लापरवाही को लेकर सुर्खियों में है। इस बार मामला अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था और मरीजों के इलाज से जुड़ा है, जिसने अस्पताल प्रशासन पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, जहर खाकर अस्पताल पहुंची एक महिला का इलाज डॉक्टरों या प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ के बजाय वार्ड बॉय करते नजर आ रहे है। इलाज के दौरान महिला को उल्टी भी होती है। अस्पताल अधीक्षक से पूछने पर यह पता चला कि उन्हें इस बारे में जानकारी ही नहीं है। इसी से अस्पताल की लचर व्यवस्था का साफ पता चलता है। वजीरगंज क्षेत्र की एक महिला को जहर खाने के बाद परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए एएनएमएमसीएच अस्पताल लेकर पहुंचे थे। इमरजेंसी में डॉक्टर की जगह वार्ड बॉय हीं इमरजेंसी गेट के बाहर महिला मरीज का इलाज करते दिख रहे है। महिला की हालत गंभीर थी और उसे तत्काल चिकित्सा सहायता की आवश्यकता थी।

## सीयूएसबी के छात्र दिव्यांश ने आईआईटी रोपड़ में आयोजित युवा संगम चरण-6 में लिया भाग

**टिकारी (गया), 17 जून (तरुणमित्र)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के यूजी-पीजी राजनीति विज्ञान एवं अंतर्राष्ट्रीय संबंध (पीएसआईआर, चतुर्थ सेमेस्टर) के छात्र दिव्यांश ने भारत सरकार की एक भारत श्रेष्ठ भारत (ईबीएसबी) पहल के अंतर्गत आईआईटी रोपड़ में आयोजित प्रतिष्ठित युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम युवा संगम चरण-6 में भाग लिया।इस उपलब्धि पर सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह, कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा तथा राजनीति अध्ययन विभागाध्यक्ष प्रो. प्रवीण कुमार ने दिव्यांश को बधाई दी है।

जन संपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मो. मुदस्सीर आलम ने बुधवार को बताया कि दिव्यांश ने कठोर बहु-स्तरीय चयन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पार कर इस कार्यक्रम में अपना स्थान सुनिश्चित किया।इस चयन प्रक्रिया में अभ्यर्थियों की शैक्षणिक पृष्ठभूमि, संप्रेषण कौशल, जागरूकता तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान और राष्ट्रीय एकता के प्रति प्रतिबद्धता का मूल्यांकन किया गया।इस चरण में बिहार को पंजाब के साथ जोड़ा गया था, जिसमें बिहार की ओर से आईआईटी पटना नोडल संस्थान तथा पंजाब में आईआईटी रोपड़ मेजबान संस्थान था।

बिहार के पूर्णिया निवासी दिव्यांश इस आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत बिहार के युवा प्रतिभागियों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ पंजाब गए, जहाँ उन्हें राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं औद्योगिक विरासत को निकट से जानने का अवसर मिला। प्रतिनिधिमंडल ने स्वर्ण मंदिर, जलियांवाला बाग, वाघा बॉर्डर तथा विरासत-ए-खालसा जैसे प्रसिद्ध स्थलों का भ्रमण किया।इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों ने टॉप्पन स्पेशियलिटी फिल्म्स का भी दौरा किया, जहाँ उन्हें उन्नत विनिर्माण प्रक्रियाओं और आधुनिक औद्योगिक कार्यप्रणालियों की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त हुई।इन यात्राओं के माध्यम से प्रतिभागियों को पंजाब की आध्यात्मिक परंपराओं, भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उसके योगदान तथा उसकी जीवंत सांस्कृतिक धरोहर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली।

## संक्षिप्त समाचार

### दीघा थाना कांड में छिनतई की दो सोने की चेन बरामद, रौतारा निवासी के घर से मिली

**कोलासी, कटिहार, 17 जून (तरुणमित्र)।** पटना के दीघा थाना कांड संख्या 514/26 में छिनतई की गई दो सोने की चेन को कटिहार जिले के रौतारा थाना क्षेत्र से बरामद कर लिया गया है। बरामदगी रौतारा थाना क्षेत्र निवासी करण कुमार, पिता सुल्तान यादव के घर से की गई।रौतारा थाना प्रभारी लालासर बिंद ने बताया कि दीघा थाना कांड संख्या 514/26 के अनुसंधान के क्रम में छिनतई की गई दोनों सोने की चेन बरामद कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद बरामद आभूषण को आगे की कार्रवाई के लिए दीघा पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है तथा घटना में संलिप्त अन्य लोगों की भूमिका का पता लगाया जा रहा है।

### स्मैक के साथ तीन युवक गिरफ्तार, कई मामलों में पहले से हैं आरोपी

**कुरसेला, कटिहार, 17 जून (तरुणमित्र)।** नशा कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कुरसेला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को 8 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान वार्ड संख्या-3 मलिनियां निवासी संतोष कुमार (30), मंतोष कुमार (27) एवं गुंजन कुमार (23) के रूप में हुई है। तीनों जय हिंद सहनी के पुत्र बताए गए हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त युवक अवैध रूप से स्मैक के कारोबार में संलिप्त हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने उनके घर पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान उनके पास से कुल 8 ग्राम स्मैक बरामद की गई, जिसके बाद तीनों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट समेत कई अन्य मामले दर्ज हैं। बरामद स्मैक को जब्त कर लिया गया है तथा तीनों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### अवैध बालू लदे 01 ट्रैक्टर किया गया बरामद

**गया, 17 जून (तरुणमित्र)।** जिले के एसएसपी सुशील कुमार के निर्देशन में मंगलवार को चलाए गए विशेष छापामारी अभियान में अवैध बालू लदे 01 ट्रैक्टर बरामद किया गया।मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को सूचना प्राप्त हुई की बुनियादगंज थाना क्षेत्र में खनन माफियाओं के द्वारा चोरी छुपे अवैध रूप से बालू का परिवहन किया जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु बुनियादगंज थाना को निर्देशित किया गया।बुनियादगंज थाना द्वारा छापामारी कर अवैध बालू लदे 01 ट्रैक्टर जप्त किया गया।इस संबंध में बुनियादगंज थाना कांड संख्या-187/26, दिनांक-16.06.2026, दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।गया पुलिस के द्वारा अवैध खनन के विरूद्ध ऐसे अभियान लगातार चलाये जाएगें।

### अंचलाधिकारी द्वारा अनावश्यक रुप से आवेदन रिवर्ट करने पर प्रति आवेदन उनके वेतन से 100 रुपये की होगी कटौती : डीएम

**दरभंगा, 17 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी कौशल कुमार ने फार्मर रजिस्ट्रेशन एवं राजस्व कार्यों में तेजी लाने का निर्देश सभी डीसीएलआर, अंचलाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, राजस्व अधिकारी, राजस्व कर्मचारी एवं किसान सलाहकार को दिया। अपने कार्यालय कक्ष से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर उन्होंने रिवर्ट बैक वाले आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी अंचलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी आवेदन को अनावश्यक रूप से रिवर्ट नहीं करें। उन्होंने कहा कि यदि किसी आवेदन में दस्तावेज की कमी हो तो संबंधित रैयत से संपर्क स्थापित कर आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करते हुए आवेदन का निष्पादन करना सुनिश्चित करें। यदि किसी अंचलाधिकारी के द्वारा अनावश्यक रूप से आवेदन रिवर्ट किया जाता है तो प्रति आवेदन उनके वेतन से 100 रुपये दंड स्वरुप कटेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व महा अभियान के अंतर्गत उत्तराधिकार एवं बटवारा से संबंधित आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर आवेदन कराते हुए युद्ध स्तर पर उनका निष्पादन करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा फार्मर रजिस्ट्रेशन की भी समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उन्होंने जानकारी दी कि आगामी सोमवार को विशेष अभियान चलाकर फार्मर रजिस्ट्री करें।

## पंचायत सहयोग शिविर में 138 मामलों का निपटारा, योजनाओं का लाभ पाकर खिले चेहरे

**कुरसेला, कटिहार, 17 जून (तरुणमित्र)।** सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने और लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से उत्तरी मुरादपुर पंचायत भवन एवं प्रखंड मुख्यालय परिसर में पंचायत सहयोग सह जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर राहत पहुंचाई। शिविर की अध्यक्षता बीडीओ कुमारी प्रियंवदा ने की, जबकि पंचायत स्तर पर कार्यक्रम की अगुवाई मुखिया अविनाश सिंह ने की।

एडीएम आपदा धनंजय कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री के जीवन आसान, सम्मान सबका संकल्प के तहत पंचायत सहयोग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि आम लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उनकी समस्याओं का त्वरित निष्पादन हो सके। अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी मुरादपुर पंचायत में 15 जून तक विभिन्न समस्याओं से जुड़े 91 आवेदन प्राप्त हुए थे। शिविर के दौरान 47 नए आवेदन भी आए। इस प्रकार कुल 138 आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए अधिकांश मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया तथा पात्र लाभुकों को प्रमाण-पत्र और योजनाओं से संबंधित स्वीकृतियां प्रदान की गईं। प्रखंड मुख्यालय में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 34 आवेदन प्राप्त हुए।

वहीं 121 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श और दवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में कुल 36 विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहां लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ ऑन-द-स्पॉट सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम में एडीएम आपदा धनंजय कुमार, डीएसओ सुशील कुमार, बीडीओ कुमारी प्रियंवदा, सीओ अनुपम, डीएसपी सुनील कुमार शर्मा, एमओ कुमार किंकित, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अमरलाल, बीसीओ कपिलदेव, प्रखंड कृषि पदाधिकारी पिंटू कुमार, बीपीएम शौर्य कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मुकेश कुमार सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## जिला में 22 तक 15000 आयुष्मान कार्ड निर्माण का लक्ष्य पूर्ण करने का निर्देश

**दरभंगा, 17 जून (तरुणमित्र)।** आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जो आशा कर्मी अथवा अन्य संबंधित कर्मी निर्धारित कार्यों को पूर्ण नहीं कर रहे है उनके विरुद्ध कठोर कारवाई की जाएगी। यह बातें जिलाधिकारी कौशल कुमार की ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा के दौरान कही। उन्होंने मनीगाछी प्रखंड में लक्ष्य प्राप्त नहीं होने पर संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सहित संबंधित कर्मियों का वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया। जबकि कुशेश्वरस्थान सती घाट क्षेत्र में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं रहने पर संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने एवं निर्धारित समय सीमा के भीतर लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि 08 जून से 15 जून तक 9330 आयुष्मान कार्ड निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसके विरुद्ध 11208 आयुष्मान कार्ड बनाए गए है जो निर्धारित लक्ष्य से अधिक उपलब्धि है।

## समेली में नशा मुक्ति सप्ताह के तहत दिलाई गई शपथ



**समेली, कटिहार, 17 जून (तरुणमित्र)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में बुधवार को नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत नशा मुक्त सप्ताह के अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, कर्मियों एवं जनप्रतिनिधियों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सत्येंद्र सिंह ने उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई तथा युवाओं से नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति और ऊर्जा होते हैं।

देश एवं समाज के विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए नशा मुक्त भारत अभियान से अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ना समय की आवश्यकता है। बीडीओ ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज को भी नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि न केवल स्वयं नशे से दूर रहेंगे, बल्कि अपने परिवार, मित्रों एवं आसपास के लोगों को भी नशा मुक्त बनाने के लिए प्रेरित करेंगे।

बदलाव की शुरूआत स्वयं से होती है और यदि प्रत्येक व्यक्ति इस दिशा में प्रयास करे तो समाज को नशा मुक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि कटिहार जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। साथ ही युवाओं से सामाजिक जागरूकता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने नशा न करने एवं दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली।

कार्यक्रम में बीडीओ सत्येंद्र सिंह, बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष राधेश्याम मंडल, सीडीपीओ कुमारी स्नेहलता, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी विमल कुमार, जीविका बीपीएम प्रकाश सिंह, एसी सुमित कुमार, पूजा नायक, किसान सलाहकार सुनील कुमार शर्मा, नंदन राज, संजय सुमन, उमेश दास सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में नशा मुक्ति अभियान को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया गया।

# बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने खेल विभाग के साथ की समीक्षा बैठक

**गयाजी, 17 जून (तरुणमित्र)।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को खेल विभाग के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें बिहार सरकार की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह एवं खेल विभाग के निदेशक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में गया जिले तथा मगध प्रमंडल में खेल अवसंरचना के विकास, खिलाड़ियों के प्रशिक्षण एवं खेल सुविधाओं के विस्तार की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने गया कॉलेज के समीप प्रस्तावित 8 लेन सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक, बोधगया स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), विशेष कार्यबल प्रशिक्षण केंद्र तथा दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्रस्तावित खेल परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली।विभाग द्वारा बताया गया कि इन सभी परियोजनाओं के प्रस्ताव भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय को स्वीकृति हेतु भेजे जा चुके हैं और स्वीकृति प्राप्त होते ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा।डॉ. प्रेम कुमार ने गांधी मैदान स्थित हरिहर सुब्रह्मण्यम स्टेडियम के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि गया जैसे ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाले शहर में आधुनिक खेल सुविधाओं का विकास समय की आवश्यकता है।उन्होंने संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर शीघ्र डीपीआर तैयार करने पर बल दिया।

मगध प्रमंडल अंतर्गत चंदौती के दूर्वे में प्रस्तावित प्रमंडलीय खेल परिसर की समीक्षा करते हुए उन्होंने सुझाव दिया कि बिहार के सभी प्रमंडलों के लिए एक आदर्श खेल परिसर मॉडल विकसित किया जाए, जिसमें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप एथलेटिक्स ट्रैक, खेल मैदान, खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों के आवास, प्रशिक्षण केंद्र तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि गया में पर्याप्त भूमि, एयरपोर्ट, रेल एवं सड़क संपर्क जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, इसलिए इसे खेल गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनाया जा सकता है।

बैठक में डॉ. प्रेम कुमार ने मगध प्रमंडल में भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) केंद्र की स्थापना की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि गया में दो विश्वविद्यालय, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा तथा उत्कृष्ट परिवहन सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिसके कारण यहां साई केंद्र की स्थापना खिलाड़ियों के हित में अत्यंत उपयोगी होगी।उन्होंने इस संबंध में भारत सरकार से आवश्यक पहल करने का आग्रह किया।उन्होंने गया जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को विभिन्न खेलों में प्रशिक्षित करने हेतु विशेषज्ञ प्रशिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान खेल विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि गया में एकलव्य तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की जा रही है, जिसे शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

बैठक में पंचायत स्तर पर गठित खेल क्लबों की समीक्षा करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने शहरी क्षेत्रों के प्रत्येक वार्ड में भी खेल क्लब गठित करने का सुझाव दिया।उन्होंने कहा कि खेल संस्कृति को गांवों के साथ-साथ शहरों में भी मजबूत करने की आवश्यकता है, जिससे बच्चों और युवाओं में खेल के प्रति रुचि एवं आत्मविश्वास का विकास हो सके।उन्होंने सरकारी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य संस्थानों के परिसरों को खेल मैदान के रूप में विकसित करने पर भी बल दिया।डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

## जन कल्याण शिविर के दूसरे दिन भी उमड़ी भीड़

**वजीरगंज (गया), 17 जून (तरुणमित्र)।** प्रखंड मुख्यालय में आयोजित प्रखंड सहयोग-सह-जन कल्याण शिविर के दूसरे दिन भी लोगों का उत्साह देखने को मिला।बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, बुजुर्ग एवं युवा पहुंचे और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया।शिविर में आय, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, श्रम पंजीकरण, आधार सत्यापन, ई-केवाईसी की सेवा दी गई।स्वास्थ्य विभाग एवं आयुष्मान भारत कार्ड काउंटर पर सबसे अधिक भीड़ रही।प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार सिंह ने बताया कि शिविर का उद्देश्य एक ही स्थान पर सभी विभागों की सेवा देकर योजनाओं का लाभ सरलता से पहुंचाना है। ग्रामीणों ने पहल की सराहना की।


Bandhan Bank | रीजनल ऑफिस: नेताजी मार्ग, मीठाखली छ: रास्ते के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-06. फोन : +91-79-26421671-75

**सांकेतिक आधिपत्य (कब्जा) सूचना**

एतदर्थ सूचना दी जाती है कि वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पूर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित प्रर्वतन अधिनियम, 2002 कि धारा 13(12) एवं प्रतिभूतिहित प्रर्वतन नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढते हुए अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत प्राधिकृत अधिकारी ने खाते(अकाउंट) के सामने उल्लेखित तिथि को डिमांड नोटिस (मांग पत्र) भेजा था व नोटिस प्राप्ति के 60 दिवस के अन्दर राशि की मांग की गई थी। ऋणी द्वारा भुगतान करने में असफल रहने पर कर्जदार और आम जनता को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है की अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्त अधिनियम कि धारा 13 की उपधारा(4) सपठित नियम 8 के तहत नीचे लिखे लोन खातों में वर्णित बंधक सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा ले लिया है। अतः आप कर्जदार और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित संपत्तियों के बारे में कोई व्यवहार न करें और इन संपत्तियों के साथ किसी व्यवहार पर वह राशि, ब्याज, खर्च एवं शुल्क के साथ बैंक को चुकाना होगा । सुरक्षित सम्पत्ति को रिडीम/वापस लेने के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) में उपलब्ध प्रावधानों के तहत ऋणियों का ध्यान आमंत्रित किया जाता है।

| ऋणियों के नाम, गेरन्टर और ऋण खाता सं. | बंधक संपत्ति का विवरण (प्रतिभूती आस्तियां) | मांगपत्र की तिथि | सांकेतिक कब्जे की तिथि | कुल बकाया राशि, मांगपत्र की तारीख तक |
|---|---|---|---|---|
| चंद्र विजय कुमार सोनी देवी 90001141038001 | सभी चल और अचल संपत्ति, जो फ्री होल्ड भूमि और विरासत और परिसर आवासीय फ्लैट भूमि क्षेत्र लगभग 1374 वर्ग मीटर है खेसरा नंबर 8492 खाता नंबर 1861 थाना नंबर 300 पचदमिया घटारो सो लालगंज वैशाली बिहार में स्थित है और जो आवरित है: उत्तर: चंद्र मोहन कुमार, पूर्वी : मालती देवी, पश्चिम: बच्चा कुँवर, दक्षिण: चंद्र विजय कुमार | दिसंबर 12, 2025 | जून 13, 2026 | रु.26,72,942.98 (दिसंबर 09, 2025 तक) |
| मोजाहिद हुसैन मोतबर हुसैन सलीमा खातून 90001223036287 | सभी चल और अचल संपत्ति, जो अंतिम प्लॉट नंबर 1897, सर्वे नंबर–खाता नंबर 100, फ्लोर नंबर 1, माप क्षेत्रफळ 3.181 डेसीमल, मुहल्ला– बंगरा टोला बेलदारी, मौजा–बलबंगरा, थाना नंबर 156, सब रजिस्ट्री– महाराजगंज, शहर–दारौंधा, तालुका एवं जिला. सीवान, बिहार–841238 में स्थित है और जो आवरित है: उत्तर: 10 फुट. पीसीसी रोड, पूर्व: कयूम अंसारी का घर, पश्चिम: अमानत अंसारी का खाली प्लॉट, दक्षिण: सकुर मिया का घर | मार्च 09, 2026 | जून 13, 2026 | रु.28,65,351.89 (फ़रवरी 11, 2026 तक) |
| मोहम्मद असलम खतीजा खातून 90000000719561 | सभी चल और अचल संपत्ति, जो सर्वे नंबर प्लॉट नंबर 1697, थाना नंबर 367, माप क्षेत्रफल लगभग 1368 वर्ग फूट इलाका: मोहल्ला नवाब नगर, इलाका हल्का नवादा थाना नवादा, तालुका और ज़िला नवादा, बिहार–805110 में स्थित है और जो आवरित है: उत्तर: मो. हासिम खान उर्फ छोटन खान का प्लॉट, पूर्व: 6 फीट चौड़ी सड़क और रज़िया खातून का प्लॉट, पश्चिम: 10 फीट चौड़ी सड़क और मो. मुश्ताक खान का प्लॉट, दक्षिण: मो. कलीम का प्लॉट | जनवरी 21, 2026 | जून 13, 2026 | 13,05,952.50 (जनवरी 09,2026 तक) |
| कुंज बिहारी राम पूनम देवी 90000000749057 | सभी चल और अचल संपत्ति, जो लगभग 1306.00 वर्ग फुट का प्लॉट, जो फाइनल प्लॉट नंबर 463 पर स्थित है; सर्वे नंबर/बिल्डिंग नंबर/फ़्लोर नंबर/बिल्डिंग का नाम – पोस्ट कुरुर, थाना – काराकट, सड़क का नाम – मौज़ा-संसार डिहारी, शहर – काराकट, बिहार–802212 में स्थित है और जो आवरित है: उत्तर: 8 फीट चौड़ी सड़क, पूर्व: प्लॉट नंबर–443, पश्चिम: सिंधु देवी, दक्षिण: प्लॉट नंबर–442 | जनवरी 29, 2026 | जून 13, 2026 | 14,43,443.42 (जनवरी 09,2026 तक) |

स्थानः बिहार
तारीख: जून 18, 2026

प्राधिकृत अधिकारी
बंधन बैंक लिमिटेड

# सिपाही भर्ती परीक्षा में फर्जीवाड़े का खुलासा, दो मुन्ना भाई हिरासत में

**किशनगंज, 17 जून (तरुणमित्र)।** बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान किशनगंज में फर्जीवाड़े का एक बड़ा मामला सामने आया है। परीक्षा केंद्र पर दूसरे अभ्यर्थियों के स्थान पर परीक्षा देने पहुंचे दो युवकों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। दोनों पर आरोप है कि वे वास्तविक अभ्यर्थियों की जगह बैठकर परीक्षा देने का प्रयास कर रहे थे।




घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था तथा पहचान सत्यापन प्रक्रिया को और कड़ा कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार को आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान एक परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों के दस्तावेजों एवं पहचान पत्रों की नियमित जांच की जा रही थी। इसी क्रम में दो अभ्यर्थियों की पहचान संदिग्ध प्रतीत हुई।

ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों ने दोनों को रोककर उनके दस्तावेजों की गहन जांच की। पूछताछ के दौरान उनकी गतिविधियां और जवाब संतोषजनक नहीं पाए गए, जिससे अधिकारियों का संदेह और गहरा गया। जांच में प्रारंभिक स्तर पर यह बात सामने आई कि दोनों युवक वास्तविक अभ्यर्थियों के स्थान पर परीक्षा देने पहुंचे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को हिरासत में लेकर सदर थाना ले आई।

घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार स्वयं मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था तथा पहचान सत्यापन प्रक्रिया की समीक्षा भी की। वहीं, एसडीपीओ-1 खुसरू सिराज भी सदर थाना पहुंचीं और मामले की जांच की प्रगति का जायजा लिया। पुलिस दोनों हिरासत में लिए गए युवकों से गहन पूछताछ कर रही है।

जांच का मुख्य बिंदु यह है कि वे किन अभ्यर्थियों के स्थान पर परीक्षा दे रहे थे तथा इस फजीर्वाड़े के पीछे कोई संगठित गिरोह या दलाल नेटवर्क सक्रिय है या नहीं। पुलिस इस बात की भी पड़ताल कर रही है कि इस मामले में अन्य लोगों की भूमिका रही है या नहीं। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि भर्ती परीक्षा की निष्पक्षता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। जांच पूरी होने के बाद संबंधित धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद सभी परीक्षा केंद्रों पर पहचान सत्यापन की प्रक्रिया को और अधिक सख्त कर दिया गया है।

# मोबाइल चोरी की सूचना पर रेलवे स्टेशन में भगदड़, पांच परीक्षार्थी घायल



**भागलपुर, 17 जून (तरुणमित्र)।** भागलपुर रेलवे स्टेशन पर मंगलवार की देर रात उस समय भगदड़ मच गई जब मद्य निषेध सिपाही भर्ती परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थियों के बीच मोबाइल चोरी की सूचना फैली।

इस सूचना के फैलते ही स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और परीक्षार्थी इधर-उधर भागने लगे। इस दौरान कई छात्र गिर पड़े, जिनमें पांच से अधिक परीक्षार्थी घायल हो गए। उधर सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात स्टेशन मास्टर विक्रम सिंह ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तत्काल माइकिंग शुरू कराई और छात्रों से शांत रहने की अपील की। उनके प्रयासों से स्थिति को बिगड़ने से रोका जा सका।

घटना की जानकारी मिलते ही आरपीएफ और जीआरपी के जवान एवं अधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस बल ने छात्रों को समझाकर भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद स्थिति पूरी तरह सामान्य हो सकी। इसके बाद भगदड़ में घायल छात्रों को रेलवे अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। उल्लेखनीय है कि बुधवार को आयोजित होने वाली मद्य निषेध सिपाही भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में परीक्षार्थी मंगलवार रात से ही भागलपुर पहुंचने थे। कई छात्र स्टेशन परिसर में ही आराम कर रहे थे। इसी दौरान किसी छात्र का मोबाइल चोरी होने की चर्चा फैल गई, जिसके बाद अचानक भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई।

## युवक का सिर मुंडवाकर पोती कालिख, प्राथमिकी दर्ज

**नवादा, 17 जून (तरुणमित्र)।** जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र के सुदनपुर गांव में एक युवक के साथ बुधवार को अमानवीय व्यवहार किया गयाहै। आरोप है कि युवक का सिर मुंडवाया, चेहरे पर कालिख पोती, थूक चटाया और गांव में घुमाते हुए मारपीट की। मामले में पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। पीड़ित सुदनपुर निवासी मो. नईम के पुत्र शहनवाज ने पकरीबरावां थाना में दिए आवेदन में बताया है कि वह अपने घर में सोया हुआ था। इस दौरान करीब 30 की संख्या में लोग उसके घर में घुस आए और मारपीट करने लगे। हो- हल्ला करने एवं आस पास के लोगों के विरोध करने पर जबरन पकड़कर गांव के मरहूम इजहार के घर ले गए। वहां लोगों ने जबरन वीडियो बनाया और दबाव बनाया कि एक लाख रुपए दो नहीं तो चोरी के आरोप में फंसा देंगे। नहीं कबूल करने पर सिर मुंडवा दिया गया, चेहरे पर कालिख पोती गई और थूक चटाया गया।

आरोप लगाया है कि मारपीट करते हुए गांव घुमाया। इस मामले में पीड़ित के लिखित आवेदन पर 14 नामजद एवं 20-25 अन्य अज्ञात लोगों को आरोपित बनाया गया है। इधर, पकरीबरावां थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रंजन चौधरी ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर पकरीबरावां थाना कांड संख्या 242/26 दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। घटना से जुड़े सभी बिंदुओं की जांच की जा रही है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी को भी कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। जो भी कानून का उल्लंघन करेगा, उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस मामले में दो विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है।

## बकाया भुगतान की मांग को लेकर सफाईकर्मियों का प्रदर्शन

**भागलपुर, 17 जून (तरुणमित्र)।** नाला उड़ाही का कार्य पूरा कराने के बावजूद कई महीनों से भुगतान नहीं किया जाने को लेकर बुधवार को सफाईकर्मियों का गुस्सा फूट पड़ा। सभी सफाईकर्मी नगर निगम पहुंचे और प्रदर्शन करने लगे। नगर आयुक्त से मुलाकात नहीं होने पर सफाईकर्मियों के तेवर और कड़े हो गए। जिसके बाद कर्मियों ने नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शन कर रहे सफाईकर्मियों का कहना था कि प्री-मानसून तैयारी के तहत नालों की सफाई और उड़ाही का काम उनसे कराया गया था।



इसके लिए विशेष रूप से बुलाकर विभिन्न क्षेत्रों में कार्य लिया गया, लेकिन काम पूरा होने के बाद भी भुगतान नहीं किया गया है। उनका कहना था कि पिछले तीन महीनों से उन्हें राशि जारी करने का आश्वासन दिया जा रहा है, जबकि अभी तक भुगतान नहीं हुआ है। अपनी मांगों पर सुनवाई नहीं होने से नाराज सफाईकर्मी नगर निगम के मुख्य प्रवेश द्वार पर बैठ गये और नारेबाजी शुरू कर दी। कुछ समय तक निगम परिसर में विरोध प्रदर्शन चलता रहा। सफाईकर्मियों ने बकाया राशि का जल्द भुगतान करने की मांग करते हुए निगम प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जतायी।

स्थिति को देखते हुए नगर निगम के कर्मियों ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों की ओर से जल्द भुगतान प्रक्रिया पूरी कराने का भरोसा दिलाया गया। आश्वासन मिलने के बाद सफाईकर्मी शांत हुए और प्रदर्शन समाप्त कर अपने-अपने घर लौट गये।

## भागलपुर-किऊल के बीच अनारक्षित स्पेशल पैसेंजर ट्रेन का संचालन, यात्रियों को राहत

**भागलपुर, 17 जून (तरुणमित्र)।** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए पूर्व रेलवे (ईस्टर्न रेलवे) ने बुधवार को भागलपुर और किऊल के बीच एक अनारक्षित स्पेशल पैसेंजर ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह जानकारी मालदा डिवीजन के जनसंपर्क अधिकारी ने दी। रेलवे के अनुसार, ट्रेन संख्या 03409/03410 भागलपुरकिऊल भागलपुर अनारक्षित पैसेंजर स्पेशल ट्रेन भागलपुर से शाम 18:00 बजे रवाना होकर रात 22:10 बजे किऊल पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन निर्धारित समयानुसार किऊल से भागलपुर के लिए चलेगी। इस स्पेशल ट्रेन में कुल 8 सामान्य द्वितीय श्रेणी (जनरल सेकंड क्लास) कोच लगाए गए हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए यह ट्रेन मार्ग में आने वाले सभी स्टेशनों पर रुकेगी, जिससे स्थानीय यात्रियों को भी लाभ मिलेगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से इस स्पेशल सेवा का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की है। इस कदम से क्षेत्र में रेल यात्रियों की भीड़ को काफी हद तक कम होने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त समाचार

### बंधक बनाकर ससुराल में दामाद की पिटाई, मामला दर्ज

**भागलपुर, 17 जून (तरुणमित्र)।** जिले में नवगछिया थाना क्षेत्र के चंद नगर गांव में ससुराल आए एक युवक को कथित तौर पर तीन दिनों तक बंधक बनाकर बेरहमी से पीटने का मामला प्रकाश में आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और युवक को मुक्त कराकर इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल नवगछिया में भर्ती कराया है। घायल युवक की पहचान सहरसा जिले के सलखुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत मुबारकपुर निवासी 26 वर्षीय केसर आलम, पिता मकसूद आलम उर्फ चमरू, के रूप में हुई है। युवक के शरीर पर कई जगह गंभीर चोट और जख्म के निशान पाए गए हैं। बताया जा रहा है कि केसर आलम पटना में मजदूरी करता है। कुछ समय पहले उसका छोटा साला भी उसके साथ पटना में रह रहा था। इसी दौरान साले पर केसर के कुछ दोस्तों की जेब से पैसे निकालने का आरोप लगा था।

### कांग्रेस की संगठन सृजन अभियान समीक्षा बैठक सम्पन्न, प्रखंड अध्यक्षों की सूची जल्द पूरी करने का लक्ष्य

**पटना, 17 जून (तरुणमित्र)।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में बुधवार को बिहार कांग्रेस के जिला पर्यवेक्षकों और पूर्व प्रत्याशियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारु और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने की। बैठक में विभिन्न जोन से प्राप्त अद्यतन रिपोर्टों की समीक्षा की गई तथा संगठनात्मक स्थिति का विश्लेषण किया गया। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारु ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत नए सांगठनिक पदों के निर्धारण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उन्होंने बताया कि 60 प्रतिशत प्रखंड अध्यक्षों की सूची तैयार कर ली गई है तथा आगामी दस दिनों में शेष प्रखंड अध्यक्षों की सूची भी जारी कर दी जाएगी। इसके बाद जिला और प्रदेश स्तर पर पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने पर्यवेक्षकों के कार्यों की समीक्षा करते हुए अगले दस दिनों का लक्ष्य निर्धारित किया और कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत ही सभी सांगठनिक नियुक्तियां की जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह अभियान संगठन को मजबूत और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप चलाया जा रहा है। विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मदन मोहन झा ने बैठक में संगठन को मजबूत करने के लिए पर्यवेक्षकों को सुझाव दिए और अभियान में तेजी लाने की बात कही। वहीं बिहार कांग्रेस के सह प्रभारी शाहनवाज आलम और सुशील कुमार पासी ने पर्यवेक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए संगठनात्मक लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का आह्वान किया। बैठक में डॉ. शकील अहमद खान, कृपानाथ पाठक, कपिलदेव प्रसाद यादव, श्याम सुंदर सिंह धीरज, वीणा शाही, विजेंद्र चौधरी, कनेक्ट सेंटर के मिन्नत रहमानी, पंकज यादव, राजीव मेहता, इंजीनियर कमल कमलेश, प्रेमचंद सिंह, विमलेश तिवारी सहित सभी जिला पर्यवेक्षक, विधानसभा प्रत्याशी और पूर्व विधायक उपस्थित रहे।

### एसएसबी ने नेपाल से तस्करी कर लाई जा रही 90 बोतल शराब की जब्त, तस्कर फरार

**अररिया, 17 जून (तरुणमित्र)।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 52वीं वाहिनी की बाह्य सीमा चौकी सोनापुर के विशेष गश्ती दल ने बुधवार को नेपाल से तस्करी कर लाई जा रही 90 बोतल शराब और तस्करी में प्रयुक्त एक बाइक को जब्त किया। हालांकि गश्ती दल को देखकर तस्कर वाहन छोड़कर नेपाल सीमा क्षेत्र की ओर फरार हो गए। एसएसबी के अनुसार, विशेष गश्ती दल सीमा क्षेत्र में नियमित गश्त पर था। इसी दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया गया। सुरक्षा बलों की मौजूदगी देखकर तस्कर बाइक छोड़कर सीमा पार नेपाल की दिशा में भाग निकले। तलाशी के दौरान बाइक से 90 बोतल शराब बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा लगभग 27 लीटर बताई गई है। जब्त शराब और बाइक को एसएसबी ने अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में यह भी सामने आया है कि शराब तस्करी में इस्तेमाल की गई बाइक संदिग्ध प्रतीत हो रही है। वाहन के दस्तावेजों और अन्य विवरणों की जांच के आधार पर आशंका जताई जा रही है कि बाइक चोरी की हो सकती है। इस संबंध में संबंधित एजेंसियों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा पर शराब एवं अन्य अवैध वस्तुओं की तस्करी रोकने के लिए लगातार गश्त और निगरानी अभियान चलाया जा रहा है।

### पुलिस ने गांजा किया बरामद आरोपित फरार

**भागलपुर, 17 जून (तरुणमित्र)।** भागलपुर जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत गोराडीह थाना क्षेत्र में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के निर्देश पर संचालित स्वस्थ युवा, स्वस्थ भागलपुर अभियान के अंतर्गत पुलिस ने छापेमारी कर 8.250 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। एसएसपी कार्यालय से बुधवार को जारी जानकारी के अनुसार, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गोराडीह थाना क्षेत्र के चौमुख गांव निवासी महेश चौधरी अपने घर में अवैध मादक पदार्थों का भंडारण कर उसकी खरीद-बिक्री कर रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक की निगरानी में तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (विधि-व्यवस्था) और गोराडीह थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

## विशेष छापामारी अभियान में 14 लीटर देशी महुआ, 28 लीटर विदेशी शराब के साथ 6 गिरफ्तार

**गया, 17 जून (तरुणमित्र)।** जिले के एसएसपी सुशील कुमार के निर्देशन में मंगलवार को चलाए गए विशेष छापामारी अभियान में 14 लीटर देशी महुआ शराब, 28 लीटर विदेशी शराब के साथ 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।जिले के एसएसपी सुशील कुमार के निर्देशन में गया पुलिस के द्वारा जिला में अवैध शराब के सेवन, निर्माण, बिक्री, भंडारण, परिवहन तथा इस कारोबार में संलिप्त तस्करों/माफियाओं के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु विशेष सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थानाध्यक्ष सरबहदा थाना के द्वारा छापामारी कर 0.750 लीटर विदेशी शराब के साथ 1 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

इस संबंध में सरबहदा थाना कांड संख्या-100/26, 16.06. 2026, धारा-30 (ए) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2022 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।थानाध्यक्ष बुनियादगंज थाना के द्वारा छापामारी कर 10.375 लीटर विदेशी शराब के साथ 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।इस संबंध में बुनियादगंज थाना कांड संख्या-196/26, दिनांक-16.06.2026, धारा-30 (ए) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2022 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

थानाध्यक्ष चेरकी थाना के द्वारा छापामारी कर 4 लीटर देशी महुआ शराब के साथ 1 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।इस संबंध में चेरकी थाना कांड संख्या-94/26, 16 जून को धारा-30 (ए) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2022 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष परैया थाना के द्वारा छापामारी कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियुक्त परैया थाना कांड संख्या-105/26, 4 जून को धारा-30 (ए) (सी) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2022 में फरार चल रहा था, जिसे गिरफ्तार कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। उसी तरह थानाध्यक्ष डेल्हा थाना के द्वारा छापामारी कर 10 लीटर देशी महुआ शराब के साथ 1 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।इस संबंध में डेल्हा थाना कांड संख्या-167/26, 16 जून को धारा-30 (ए) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2022 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। उसी तरह थानाध्यक्ष मगध विश्व विद्यालय थाना के द्वारा छापामारी कर 16.875 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया।इस संबंध में म०वि०वि० थाना कांड संख्या-179/26, 16 जून को धारा-30 (ए) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2022 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

**ये किए गए गिरफ्तार**

चंदन मांझी, पे० उदल मांझी, सा० गमारपुर, थाना खिजरसराय, ओम प्रकाश, पे० स्व० रामेश्वर कमोली, सा० मानपुर बाजार सब्जी मंडी, थाना बुनियादगंज, धनंजय मांझी, पे० कारू मांझी, सा० बेगुमढ़, टुन मांझी उर्फ राजू कुमार, पे० बुटारी, सा० मियों बिगहा, दोनों थाना परैया, एवं एक महिला भी अभियुक्त है, सभी जिला गया के है।

## बाइक की ठोकर से बुजुर्ग किसान की मौत

**अररिया, 17 जून (तरुणमित्र)।** सिमराहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत औराही पश्चिम पंचायत के तार टोला वार्ड संख्या आठ निवासी 65 वर्षीय फनेश्वर ठाकुर पिता बादर ठाकुर की बुधवार सुबह सड़क हादसे में मौत हो गई। मक्का बिक्री का पैसा लेने मदारगंज जा रहे थे कि रास्ते में सत्यनारायण मंडल चौक कुशहा के पास मोटरसाइकिल चालक के द्वारा धक्का मार दिया गया। जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों के द्वारा परिजनों को सूचना देने के बाद परिजनों के द्वारा सदर अस्पताल अररिया ले जाया गया, जहां ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अररिया यातायात थाना के द्वारा शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक को चार पुत्र थे और सभी दिल्ली में मजदूरी का काम करते हैं। घटना की सूचना पर वह लोग भी घर के लिए रवाना हो गए हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद सदस्य दिलीप पटेल ने मृतक के घर पहुंचकर मृतक के परिजनों को सांत्वना देते हुए ढांढस बंधाया।

## गलगलिया अंतरराष्ट्रीय बाजार में भीषण अग्निकांड, कई दुकानें जलकर खाक

**किशनगंज, 17 जून (तरुणमित्र)।** भारत-नेपाल सीमा से सटे किशनगंज जिले के गलगलिया अंतरराष्ट्रीय बाजार में मंगलवार देर रात भीषण अग्निकांड की घटना से अफरा-तफरी मच गई। अचानक लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास की कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई। हालांकि, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, देर रात बाजार क्षेत्र से धुआं और आग की लपटें उठती देख स्थानीय लोगों ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को सतर्क किया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस, एसएसबी के जवान और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए तथा आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। आग की तीव्रता को देखते हुए नेपाल से दमकल वाहन मंगाया गया।

दमकल कर्मियों और स्थानीय लोगों की कड़ी मशक्कत के बाद कई घंटों में आग पर काबू पाया जा सका। स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि समय रहते दमकल वाहन नहीं पहुंचता तो आग और अधिक दुकानों तक फैल सकती थी, जिससे नुकसान कई गुना बढ़ जाता। अग्निकांड के कारण प्रभावित दुकानदारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। घटना की सूचना मिलने पर बुधवार को एआईएमआईएम नेता गुलाम हसनैन ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया और पीड़ित दुकानदारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्र में अग्निशमन सुविधाओं की कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि ठाकुरगंज और आसपास के क्षेत्रों में फायर ब्रिगेड की स्थायी व्यवस्था नहीं होने से आपात स्थिति में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि दमकल वाहनों के दूरस्थ स्थानों से आने के कारण राहत कार्य में देरी होती है, जिससे नुकसान बढ़ जाता है। गुलाम हसनैन ने राज्य सरकार एवं संबंधित विभागों से ठाकुरगंज में शीघ्र स्थायी अग्निशमन केंद्र स्थापित करने और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही उन्होंने स्थानीय विधायक पर जनसमस्याओं को विधानसभा में प्रभावी ढंग से नहीं उठाने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि मांगों की अनदेखी होने पर जन आंदोलन चलाया जाएगा।

## 20 को वजीरगंज पहुंचेंगे आनंद मोहन, स्वागत की तैयारी

**वजीरगंज (गया), 17 जून (तरुणमित्र)।** गरीबों के मसीहा व पूर्व सांसद आनंद मोहन के आगमन को लेकर क्षेत्र में उत्साह है।द राजपूत ऑफ बिहार के तत्वावधान में 20 जून दिन शनिवार को दोपहर 2 बजे मुक्ता गार्डन, वजीरगंज में उनका भव्य स्वागत किया जाएगा।संगठन के संस्थापक अध्यक्ष ठाकुर मन्तोष सिंह ने बताया कि स्वागत की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता व बड़ी संख्या में समर्थक शामिल होंगे। ठाकुर मन्तोष सिंह ने सभी क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि आनंद मोहन का जनहितकारी योगदान सदैव प्रेरणादायक रहा है।

# प्रिंस कुमार यादव मौत मामलाः नेपाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट से असंतुष्ट, विसरा रिपोर्ट का इंतजार

**अररिया, 17 जून (तरुणमित्र)।** नेपाल के विराटनगर स्थित शुभ होटल में प्रिंस कुमार यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले की जांच में नया मोड़ सामने आया है। मोरंग जिला पुलिस को प्राप्त पोस्टमार्टम रिपोर्ट से संतुष्टि नहीं हुई है, जिसके बाद अब पुलिस ने जांच को आगे बढ़ाते हुए विसरा रिपोर्ट का इंतजार शुरू कर दिया है। साथ ही मामले की गंभीरता को देखते हुए मेडिकल विशेषज्ञों की राय लेने और मेडिकल बोर्ड गठित करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है।



मोरंग जिला पुलिस के प्रवक्ता एवं पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) मकेंद्र कुमार मिश्रा ने बुधवार को बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मंगलवार को पुलिस को मिल चुकी है, लेकिन इसमें मौत के कारणों को स्पष्ट रूप से हत्या के रूप में प्रमाणित नहीं किया गया है। इसी वजह से अब पुलिस ने विसरा रिपोर्ट को जांच में निर्णायक माना है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मेडिकल सलाह लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और संबंधित स्तर पर मेडिकल बोर्ड गठन के लिए पत्राचार भी किया गया है।

हाई-प्रोफाइल इस मामले में पुलिस ने जांच को और सख्त करते हुए कई पहलुओं पर काम तेज कर दिया है। घटना के बाद होटल में प्रिंस यादव के साथ ठहरे चार लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनमें सहरसा निवासी अंकित कुमार यादव (25), रोशन कुमार यादव (27), लाटू यादव (21) और जयराम यादव (30) शामिल हैं।

इसके अलावा एक नेपाली नागरिक को भी पूछताछ के लिए हिरासत में रखा गया है। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि सभी आरोपितों की रिमांड अवधि बढ़ा दी गई है और उनसे लगातार पूछताछ जारी है। पुलिस के अनुसार मामले से जुड़े अतिरिक्त साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और हर संभावित पहलू से जांच की जा रही है। नेपाल-भारत सीमा की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए इस केस की जांच अत्यंत गंभीरता और सूक्ष्मता से की जा रही है। उल्लेखनीय है कि 2 जून को पटना में ज्ञान बिंदु कोचिंग और फैसल खान के खान ग्लोबल स्टडीज से जुड़े लोगों के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद तोड़फोड़, आगजनी और गोलीबारी जैसी घटनाएं हुई थीं। इसी विवाद के बाद कई लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए थे।

इसी क्रम में प्रिंस कुमार यादव और उनके साथी गिरफ्तारी के डर से नेपाल भाग गए थे और विराटनगर-10 स्थित शुभ होटल में कई दिनों से ठहरे हुए थे। इसी दौरान बीते शनिवार की रात उनकी होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। बाद में उन्हें न्यूरो अस्पताल ले जाया गया, जहां के चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस विसरा रिपोर्ट और मेडिकल बोर्ड की राय का इंतजार कर रही है, जिसके बाद ही मौत के कारणों पर अंतिम निष्कर्ष निकलने की संभावना जताई जा रही है।


**Bandhan Bank** | रीजनल ऑफिस: नेताजी मार्ग, मीठाखली छः रास्ते के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-06. फोन : +91-79-26421671-75

**सांकेतिक आधिपत्य (कब्जा) सूचना**

एतदर्थ सूचना दी जाती है कि वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पूर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित प्रर्वतन अधिनियम, 2002 कि धारा 13(12) एवं प्रतिभूतिहित प्रर्वतन नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढते हुए अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत प्राधिकृत अधिकारी ने खाते(अकाउंट) के सामने उल्लेखित तिथि को डिमांड नोटिस (मांग पत्र) भेजा था व नोटिस प्राप्ति के 60 दिवस के अन्दर राशि की मांग की गई थी। ऋणी द्वारा भुगतान करने में असफल रहने पर कर्जदार और आम जनता को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है की अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्त अधिनियम कि धारा 13 की उपधारा(4) सपठित नियम 8 के तहत नीचे लिखे लोन खातों में वर्णित बंधक सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा ले लिया है। अतः आप कर्जदार और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित संपत्तियों के बारे में कोई व्यवहार न करें और इन संपत्तियों के साथ किसी व्यवहार पर वह राशि, ब्याज, खर्च एवं शुल्क के साथ बैंक को चुकाना होगा। सुरक्षित सम्पत्ति को रिडीम/वापस लेने के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) में उपलब्ध प्रावधानों के तहत ऋणियों का ध्यान आमंत्रित किया जाता है।

| ऋणियों के नाम, गेरन्टर और ऋण खाता सं. | बंधक संपत्ति का विवरण (प्रतिभूती आस्तियां) | मांगपत्र की तिथि | सांकेतिक कब्जे की तिथि | कुल बकाया राशि, मांगपत्र की तारीख तक |
|---|---|---|---|---|
| श्री कुमार अर्जुन<br>श्रीमती प्रेमलता रानी<br>श्री रमेश चन्द्र रमन<br>श्रीमती मधुलता कुमारी<br>90001044369211 | सभी चल और अचल संपत्ति, जो खेसरा नंबर 2241, (पुराना) 564 (नया), सर्वे नंबर खाता 1233, तौजी नंबर 3711, सत्संग मंदिर के पास, वार्ड नंबर 31/10/28, फ्लोर नंबर 1 आंचल कहरा, थाना नंबर 189 कहारा, बिहार-852201 में स्थित है और जो आवरित है: उत्तर: किशुन भगत, पूर्वी: अकलू मिश्रा, पश्चिम: राजेंद्र प्रसाद, दक्षिण: निज मोकिर | जनवरी 21, 2026 | जून 15, 2026 | रु.14,21,136.23 (जनवरी 09, 2026 तक) |
| श्री प्रफुल्ल कुमार<br>श्रीमती रीता देवी<br>90001272750969 | सभी चल और अचल संपत्ति, जो लगभग 1500.00 वर्ग मीटर की माप फीट फाइनल प्लॉट संख्या-372, भवन संख्या-थाना-शिवसागर, भवन का नाम-मौजा नाद, गली का नाम-थाना संख्या-331, शहर-सासाराम, बिहार-821113 में स्थित है और जो आवरित है: उत्तर: रास्ता, पूर्वी: ध्रुव कुमार सिंह, पश्चिम: अरुण सिंह, दक्षिण: रास्ता | जनवरी 29, 2026 | जून 15, 2026 | रु.25,47,438.51 (जनवरी 09, 2026 तक) |
| सुश्री बेबी देवी<br>श्री रविंदर कुमार<br>श्री सतेन्द्र कुमार<br>20007610000129 | सभी चल और अचल संपत्ति, जो संपत्ति अंतिम प्लॉट नंबर 1341, खाता - 41, खेवट नंबर 01, तौजी नंबर 28, न्यू कॉलोनी बग्गीचा, गोरख सिंह कॉलोनी, कोलपार, पीएस रामगढ, शिव मंदिर के पास, रामगढ, झारखण्ड, पिन - 829122 में स्थित है और जो आवरित है: | नवंबर 16, 2024 | जून 15, 2026 | रु.6,71,642.26 (नवंबर 07, 2024 तक) |

स्थानः बिहार
तारीखः जून 18, 2026

प्राधिकृत अधिकारी
बंधन बैंक लिमिटेड

# समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मिले विकास का लाभ: गिरिराज सिंह

## जिलेभर के सभी प्रखंडों में सहयोग सह जनकल्याण शिविर का आयोजन

**बेगूसराय, 17 जून (तरुणमित्र)।** आमजनों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुधवार को सभी प्रखंडों में सहयोग सह जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। सहयोग शिविर के दौरान विभागीय पदाधिकारियों द्वारा प्राप्त आवेदनों का अवलोकन करते हुए आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की गई।



संबंधित मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए निर्देश दिया गया। शिविर में आमजनों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने की दिशा में आवश्यक पहल की गई। स्टॉलों के माध्यम से आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, दिव्यांगजन कल्याण योजनाएं, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना, पीएम स्वनिधि योजना, लखपति दीदी कार्यक्रम, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, मुख्यमंत्री वृद्धजन सहायता भत्ता योजना, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित सेवाओं की जानकारी दी गई। शिविर में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन के लिए संबंधित विभागों के नोडल पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया था। जिन्होंने लाभार्थियों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।


साथ ही हेल्प डेस्क के माध्यम से आम नागरिकों को आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों की उपलब्धता एवं विभिन्न योजनाओं के लाभ प्राप्त करने संबंधी सहायता भी प्रदान की गई। इसी क्रम में सदर प्रखंड कार्यालय परिसर में भी आयोजित सहयोग सह जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहां बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर केंद्रीय वस्त्र मंत्री, भारत सरकार सह बेगूसराय सांसद गिरीराज सिंह, विधायक बेगूसराय कुंदन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी बेगूसराय, भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा, प्रखंड विकास पदाधिकारी बेगूसराय रविशंकर कुमार, अंचल अधिकारी बेगूसराय राहुल कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित थे। केंद्रीय वस्त्र मंत्री, भारत सरकार सह बेगूसराय सांसद गिरीराज सिंह एवं विधायक द्वारा सहयोग शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया गया।

## पिपरा में 24 हजार से अधिक आवेदन ऑनलाइन अपलोड, आज से होगा निष्पादन

**सुपौल, 17 जून (तरुणमित्र)।** जिले के पिपरा प्रखंड में चलाए गए राजस्व महा अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों को तेजी से ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज किया जा रहा है। बुधवार दोपहर तक 24 हजार से अधिक आवेदनों का ऑनलाइन पंजीकरण पूरा कर लिया गया, जबकि शेष आवेदनों को भी शाम तक अपलोड करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था।अंचलाधिकारी उमा कुमारी ने बताया कि अभियान के दौरान कुल 26,286 आवेदन प्राप्त हुए हैं। राज्य सरकार के निदेर्शानुसार सभी आवेदनों का ऑनलाइन पंजीकरण किया जा रहा है, ताकि उनके निष्पादन की प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से पूरी की जा सके।उन्होंने कहा कि आवेदनों के निष्पादन की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू होगी और लगातार जारी रहेगी। राजस्व महा अभियान 11 जून से 17 जून तक संचालित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भूमि एवं राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन जमा किए।अंचलाधिकारी ने बताया कि फिलहाल विभाग की ओर से परिमार्जन से जुड़े मामलों के निष्पादन को प्राथमिकता दी जा रही है।सभी आवेदनों की नियमानुसार जांच कर निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा।राजस्व महा अभियान के तहत मिले व्यापक जनसहयोग को देखते हुए प्रशासन ने उम्मीद जताई है कि इससे आम लोगों की भूमि एवं राजस्व संबंधी समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी।

## बिट्टू यादव की संदिग्ध मौत मामले में सांसद पप्पू यादव ने परिजनों से की मुलाकात



**सुपौल, 17 जून (तरुणमित्र)।** जिले के जदिया थाना क्षेत्र की कोरियापट्टी पूरब पंचायत के रजगांव वार्ड संख्या 2 निवासी नंदन कुमार के 24 वर्षीय पुत्र बिट्टू कुमार की जदिया थाना हाजत में बंद संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु दुर्भाग्यपूर्ण है। संदिग्ध मौत के मामले को लेकर पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव मृतक के परिजनों से मिलने उनके आवास पहुंचे।

उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की, घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस द्वारा की गई निर्मम पिटाई के कारण बिट्टू कुमार की मृत्यु हुई है। सांसद पप्पू यादव ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल सहरसा रेंज के डीआईजी एवं सुपौल के पुलिस अधीक्षक से दूरभाष पर वार्ता कर निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आग्रह किया।

यदि जांच में कोई भी व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इस दौरान सांसद पप्पू यादव ने अपनी ओर से मृतक की पत्नी को तत्काल ?25,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की तथा परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इससे पूर्व सांसद ने बिट्टू यादव के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## नगर निगम बोर्ड की बैठक में बजट और स्ट्रीट लाइट के प्रस्तावों को मिली पूर्ण बहुमत से संपुष्टि

**सारण, 17 जून (तरुणमित्र)।** छपरा नगर निगम कार्यालय में आज बोर्ड की बैठक आहुत की गई, जिसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में महापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता, उपमहापौर रागिनी कुमारी और नगर आयुक्त रंजीत कुमार के साथ सभी पार्षद एवं निगम के पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से बैठक की शुरूआत पिछली बैठक के निर्णयों की संपुष्टि के साथ हुई। इसके बाद, वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को पूरे सदन ने पूर्ण बहुमत से पारित कर दिया। बैठक के दौरान पार्षद सुजीत कुमार मोर ने शहर के विकास के लिए एक प्रस्ताव रखा।

## नशा मुक्त समाज के निर्माण का लिया संकल्प

**सुपौल, 17 जून (तरुणमित्र)।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत बुधवार को वीरपुर स्थित जल संसाधन विभाग के कौशिकी भवन सभागार में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए सामूहिक रूप से संकल्प लिया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यालय प्रधान सह बाढ़ नियंत्रण एवं जल निःसरण के मुख्य अभियंता संजीव शैलेश ने की। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता संजय कुमार ने कौशिकी भवन के अंतर्गत कार्यरत सभी कार्यपालक अभियंताओं, अनुमंडल पदाधिकारियों, जूनियर इंजीनियरों तथा कर्मचारियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। अधिकारियों एवं कर्मियों ने शपथ लेते हुए स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज के अन्य लोगों को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का संकल्प व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी सामाजिक परिवर्तन की शुरूआत व्यक्ति स्वयं से करता है और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए नशा मुक्त जीवनशैली को अपनाना आवश्यक है।कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने का भी आह्वान किया गया। अधिकारियों ने कहा कि समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जनजागरूकता सबसे सशक्त माध्यम है। लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कर ही इस सामाजिक बुराई को समाप्त किया जा सकता है।शपथ ग्रहण कार्यक्रम में कौशिकी भवन के अधीन विभिन्न डिवीजनों के कार्यपालक अभियंता, एसडीओ, जेई सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशा मुक्त समाज के निर्माण में सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित करना था।

## सिपाही भर्ती परीक्षा में नकल का आरोप, सीवान के परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों का हंगामा

**सीवान, 17 जून (तरुणमित्र)।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) की लिखित परीक्षा के दौरान बुधवार को शहर के संघमित्रा पब्लिक स्कूल परीक्षा केंद्र पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब कुछ परीक्षार्थियों ने नकल कराने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा शुरू कर दिया।



आरोपों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर स्थिति संभालनी पड़ी। बताया जाता है कि मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, कारा एवं सुधार सेवाएं निरीक्षणालय तथा परिवहन विभाग में चलंत दस्ता सिपाही के पदों के लिए आयोजित परीक्षा की प्रथम पाली समाप्त होने के बाद गया जिले के परीक्षार्थी श्याम कुमार ने केंद्र प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उनका दावा था कि परीक्षा समाप्त होने से करीब 15 मिनट पहले रूम नंबर-106 में बायोमेट्रिक प्रक्रिया के दौरान एक कर्मी द्वारा कुछ अभ्यर्थियों को कथित रूप से उत्तर लिखी हुई पर्ची उपलब्ध कराई गई। परीक्षार्थी का आरोप है कि पर्ची में प्रश्नों के क्रमवार उत्तर लिखे हुए थे, जिससे कुछ उम्मीदवारों को अनुचित लाभ पहुंचाने की कोशिश की गई। जब इस बात की जानकारी अन्य अभ्यर्थियों को हुई तो वे केंद्र के मुख्य द्वार पर एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। हंगामे के कारण कुछ देर के लिए परीक्षा केंद्र पर तनावपूर्ण स्थिति बन गई।

आरोप लगाने वाले अभ्यर्थी ने संबंधित बायोमेट्रिक कर्मी का नाम भी सार्वजनिक करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। उसका कहना था कि शिकायत लेकर जब वह केंद्राधीक्षक के पास पहुंचा तो उन्होंने लिखित आवेदन लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद मामले की सूचना डायल-112 को दी गई।हंगामे की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। बाद में सदर एसडीपीओ अजय कुमार सिंह और एसडीएम आशुतोष कुमार गुप्ता भी केंद्र पर पहुंचे और अभ्यर्थियों को समझाकर स्थिति सामान्य कराई। इसके बाद दूसरी पाली की परीक्षा शुरू हो सकी।

## खेल प्रतिभा को निखारने का सशक्त मंच बना श्रीपुर क्रिकेट टूर्नामेंट

**सुगौली, पू.चः, 17 जून (तरुणमित्र)।** प्रखंड के श्रीपुर गोपालपुर चौक के समीप ड्रीम एलेवन श्रीपुर क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में युवा मित्रों द्वारा आयोजित क्रिकेट टूनामेंट का फाइनल मुकाबला उत्साह,उमंग और खेल भावना के माहौल में संपन्न हो गया। फाइनल मैच को देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी,स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि तथा युवा उपस्थित रहे। पूरे क्षेत्र में खेल के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला और दर्शकों ने खिलाड़ियों का भरपूर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं नगर पंचायत सुगौली के उप मुख्य पार्षद पति विकास शर्मा तथा जदयू प्रखंड अध्यक्ष अरविंद कुशवाहा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। दोनों अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मुकाबले का शुभारंभ किया। मैच समाप्ति के बाद विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए अतिथियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।अपने संबोधन में विकास शर्मा ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त साधन है। खेलों से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना तथा संघर्ष करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती हैं तथा उन्हें नशाखोरी और अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रखकर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### तेज रफ्तार चारपहिया वाहन ने बाइक को रौंदा, युवक की मौत

**सीवान, 17 जून (तरुणमित्र)।** जिले के सराय थाना क्षेत्र में मंगलवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसके अधिवक्ता पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने भागने की कोशिश कर रहे चारपहिया वाहन को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।जानकारी के अनुसार, सराय थाना क्षेत्र के मटुक छपरा निवासी अधिवक्ता अनिल राम अपने पुत्र आयुष कुमार राम के साथ मोटरसाइकिल से बड़हरिया के नेवता गांव जा रहे थे। रात करीब नौ बजे सीवान-गोपालगंज हाईवे पर अतरसुआ मोड़ के समीप विपरीत दिशा से तेज गति में आ रही एक अनियंत्रित चारपहिया गाड़ी ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार आयुष कुमार राम गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने आयुष को मृत घोषित कर दिया। वहीं अधिवक्ता अनिल राम की हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया। घटना के बाद आक्रोशित स्थानीय लोगों ने दुर्घटनाग्रस्त चारपहिया वाहन को पकड़ लिया और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। हादसे के बाद मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### भीषण गर्मी के कारण सारण में कक्षा आठ तक की शैक्षणिक गतिविधि पर 20 जून तक प्रतिबंध

**सारण, 17 जून (तरुणमित्र)।** जिले में लगातार बढ़ रहे तापमान और दोपहर की भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा हेतु कड़ा कदम उठाया है। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों प्री-स्कूल, आंगनबाड़ी और कोचिंग संस्थानों में कक्षा 8 तक की शैक्षणिक गतिविधियों पर 20 जून तक पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार कक्षा 8 से ऊपर की कक्षाएं केवल दोपहर 11:00 बजे तक ही संचालित की जा सकेंगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि बढ़ते तापमान के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है, जिसे देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए 31 जुलाई तक होगा आवेदन

**सारण, 17 जून (तरुणमित्र)।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा देश के असाधारण बच्चों को सम्मानित करने के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के तहत नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। जिला सूचना जनसंपर्क अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य उन बहादुर बच्चों को उचित मान्यता देना है, जिन्होंने वीरता, समाज सेवा, पर्यावरण, खेल, कला-संस्कृति और विज्ञान-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर समाज पर गहरा प्रभाव डाला है।पात्रता के अनुसार उम्मीदवार भारतीय नागरिक हो और 31 जुलाई तक उसकी आयु 5 वर्ष से अधिक तथा 18 वर्ष से कम होनी चाहिए। इस बार ग्रामीण क्षेत्रों, वंचित वर्गों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दिव्यांग बच्चों की प्रतिभाओं को आगे लाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इच्छुक आवेदक स्वयं या उनके माता-पिता, शिक्षक और स्थानीय निकाय आधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। संबंधित इकाइयों को अपनी अनुशंसा 30 जून तक भेजनी होगी, जबकि पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित है। आम जनता से अपील है कि वे ऐसी असाधारण प्रतिभाओं का नामांकन समय सीमा से पहले सुनिश्चित करें।

## नशा व्यक्ति को ही नहीं, परिवार एवं समाज को करता है प्रभावित: डीएम

**बेगूसराय, 17 जून (तरुणमित्र)।** नशा मुक्त भारत अभियान-विकसित भारत की पहचान के अंतर्गत बुधवार को जिले में 'नशा मुक्त सप्ताह' का शुभारंभ किया गया। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निदेर्शानुसार जिले के सभी सरकारी कार्यालयों, प्रखंड कार्यालयों तथा विभिन्न विभागीय इकाइयों में अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा सामूहिक रूप से नशामुक्ति की शपथ ली गई। अभियान के प्रथम दिवस आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मियों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने प्रतिज्ञा की कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे तथा



अपने परिवार, मित्रों एवं समाज के अन्य लोगों को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे। शपथ के माध्यम से युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से बचाने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान पोर्टल पर ऑनलाइन शपथ भी ली गई तथा हस्ताक्षर अभियान में सहभागिता सुनिश्चित की गई। जिले के विभिन्न कार्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भाग लेते हुए नशा मुक्त भारत के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

डीएम ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि परिवार एवं समाज को भी प्रभावित करता है। इसलिए नशा मुक्ति को जन-आंदोलन का स्वरूप देना आवश्यक है। उन्होंने सभी विभागों को अभियान के अंतर्गत निर्धारित गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा आमजनों, विशेषकर युवाओं को इससे जोड़ने का निर्देश दिया। ज्ञातव्य हो कि 17 जून से 26 जून तक आयोजित होने वाले 'नशा मुक्त सप्ताह' के दौरान जिले में विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम, हस्ताक्षर अभियान, नुक्कड़ नाटक, विद्यालय एवं महाविद्यालय आधारित प्रतियोगिताएं, जीविका समूहों के माध्यम से जागरूकता गतिविधियां तथा रन फॉर नशा मुक्त भारत सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़कर नशा मुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

## सुगौली में सियाराम शॉप शोरूम का भव्य उद्घाटन,उमड़ी लोगों की भीड़

**सुगौली, पू.चः, 17 जून (तरुणमित्र)।** छपवा-रक्सौल राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित आजाद चौक पर मंगलवार को सियाराम शॉप शोरूम का भव्य उद्घाटन शिवहर सांसद प्रतिनिधि सुभाष सिंह ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, व्यवसायियों एवं सामाजिक कार्यकताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान शोरूम परिसर में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

उद्घाटन अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास शर्मा, मोहम्मद गजनी, मोहम्मद फारुख, इंजीनियर नितेश ठाकुर, आरिफ इकबाल उर्फ छोटू, नन्दन सिंह, रोबिन पासवान, सुजीत सहनी, केशव सिकरिया, मोहम्मद इलियास, जितेन्द्र सिंह, मोहम्मद ओसीम अकरम, अजय सहनी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। अतिथियों ने प्रतिष्ठान संचालक को शुभकामनाएं देते हुए व्यवसाय की सफलता की कामना की। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि सुभाष सिंह ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के आर्थिक विकास में व्यापारिक प्रतिष्ठानों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। नए शोरूम और व्यवसायिक संस्थानों के खुलने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ते हैं तथा लोगों को बेहतर सेवाएं और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि सुगौली लगातार विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है और ऐसे प्रतिष्ठान क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को नई गति प्रदान करेंगे।

शोरूम के प्रोपराइटर संजय सिकरिया ने बताया कि ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रतिष्ठान में उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उचित मूल्य पर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही समय-समय पर विशेष छूट, आकर्षक ऑफर और बेहतर ग्राहक सेवा की सुविधा भी दी जाएगी।वहीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास शर्मा ने कहा कि स्थानीय स्तर पर नए व्यापारिक प्रतिष्ठानों का खुलना क्षेत्र की आर्थिक मजबूती और बढ़ती व्यावसायिक संभावनाओं का संकेत है। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने शोरूम का निरीक्षण किया तथा उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए प्रतिष्ठान की उज्ज्वल सफलता की कामना की।

# नहीं बख्शे जाएंगे नशा के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्ति

## समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में नार्कोटिक्स कोऑर्डिनेशन की बैठक आयोजित

**बेगूसराय, 17 जून (तरुणमित्र)।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में नार्कोटिक्स कोऑर्डिनेशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में मादक पदार्थों की रोकथाम, अवैध तस्करी के विरुद्ध की गई कार्रवाई, लंबित मामलों की समीक्षा तथा जन-जागरूकता गतिविधियों की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा हाल के दिनों में मादक पदार्थों के विरुद्ध की गई महत्वपूर्ण कार्रवाई की जानकारी भी प्रस्तुत की गई।



सिंघौल थाना कांड संख्या-120/26 में पुलिस द्वारा एक हुंडई ग्रैंड⁄-10 कार से 115.69 ग्राम स्मैक तथा इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन बरामद करते हुए दो अभियुक्तों छोटू कुमार एवं सन्नी कुमार को गिरफ्तार किया गया। अनुसंधान के दौरान यह तथ्य सामने आया कि दोनों अभियुक्त मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय के नेटवर्क से जुड़े हुए थे। जीरोमाइल ओपी कांड संख्या 151/26 में पुलिस द्वारा एक शेवरले सेल वाहन से 1,790 बोतल अर्थात लगभग 179 लीटर कोडिन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया गया। इस मामले में राहुल रंजन एवं सतीश कुमार को गिरफ्तार किया गया। अनुसंधान के दौरान पटना एवं मुंगेर से जुड़े एक संगठित तस्करी नेटवर्क का भी खुलासा हुआ, जिसके आधार पर अग्रेतर कार्रवाई जारी है। लोहियानगर थाना कांड संख्या 75/26 में पुलिस द्वारा लावारिस अवस्था में छोड़ी गई मारुति सुजुकी एवं वर्ना कार की तलाशी के दौरान लगभग 60 लीटर कोडिन युक्त कफ सिरप तथा 4,300 एम्प्यूल प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए। मामले में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए विशेष अनुसंधान दल द्वारा कार्रवाई की जा रही है। गढ़हरा थाना कांड संख्या 58/26 में स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल से जा रहे तस्कर जितेन्द्र कुमार राय उर्फ कारू को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से 10.89 ग्राम स्मैक बरामद की गई। पुलिस द्वारा इस मामले में भी मादक पदार्थों के स्रोत एवं आपूर्ति श्रृंखला की गहन जांच की जा रही है। बैठक में यह भी बताया गया कि मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए बैकवर्ड एवं फोर वार्ड लिंकेज की जांच को प्राथमिकता दी जा रही है। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि अंतरराज्यीय नेटवर्क की पहचान कर संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। नशा मुक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा सदर अस्पताल में चार बेड का विशेष नशा मुक्ति वार्ड संचालित किया जा रहा है। वहीं, जन-जागरूकता के लिए विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नुक्कड़ नाटक, जागरूकता कार्यक्रम एवं शपथ ग्रहण अभियान संचालित करने का निर्देश दिया गया है। औषधि नियंत्रण के क्षेत्र में ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा नियमित निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। प्रतिकूल जांच प्रतिवेदनों के आधार पर गत माह 11 औषधि प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं।

साथ ही कांवर झील क्षेत्र एवं रेलवे स्टेशनों के आसपास ड्रोन कैमरों एवं स्थानीय पुलिस के सहयोग से संयुक्त छापेमारी अभियान संचालित करने का निर्देश दिया गया है। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि ″शून्य सहनशीलता″ की नीति के तहत मादक पदार्थों की तस्करी, भंडारण एवं अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# समाज की समस्याओं को समझने और समाधान में इंटर्नशिप की भूमिका अतिसुंदरः डॉ. अनामिका

## इंटर्नशिप में छात्र-छात्राओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं रिपोर्ट लेखन का दिया गया मार्गदर्शन

**बेगूसराय , 17 जून (तरुणमित्र)।** जिला मुख्यालय स्थित जीडी कॉलेज के सच्चिदानंद भवन में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के स्नातक सेमेस्टर-पांच के छात्र-छात्राओं के लिए इंटर्नशिप उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामाजिक संस्था आदर्श परिकल्पना द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी एवं महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही इंटर्नशिप रिपोर्ट तैयार करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दंत चिकित्सक डॉ अनामिका ने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।उन्होंने छात्रों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता अभियान चलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इंटर्नशिप केवल एक शैक्षणिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि समाज की वास्तविक समस्याओं को समझने और उनके समाधान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का अवसर है। उन्होंने छात्रों को जनस्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण के क्षेत्र में सकारात्मक पहल करने के लिए प्रेरित किया। जयमंगला वाहिनी के सुमित कुमार ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि बढ़ते प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन से मानव जीवन प्रभावित हो रहा है।

उन्होंने छात्रों से वृक्षारोपण, जल संरक्षण और जैव विविधता के संरक्षण के लिए जन-जागरूकता फैलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति यदि पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आए तो आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। संस्था के सचिव मो आरिफ हुसैन ने इंटर्नशिप कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान से जोड़ना समय की आवश्यकता है।



उन्होंने बताया कि पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी एवं महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में किए गए कार्यों का प्रत्यक्ष अनुभव विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और रोजगारपरक कौशल को बढ़ाने में सहायक होगा।

उन्होंने छात्रों को इंटर्नशिप के दौरान गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने तथा तथ्यों पर आधारित प्रभावी रिपोर्ट तैयार करने के गुर बताए। पत्रकार तबस्सुम खान ने कहा कि किसी भी सामाजिक कार्य का वास्तविक मूल्यांकन उसके दस्तावेजीकरण और प्रस्तुतीकरण से होता है। उन्होंने छात्रों को रिपोर्ट लेखन, साक्षात्कार, फील्ड सर्वे और तथ्य संग्रहण की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इंटर्नशिप के दौरान प्राप्त अनुभव न केवल शैक्षणिक जीवन बल्कि भविष्य के पेशेवर जीवन में भी उपयोगी सिद्ध होंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों की समस्याओं को समझने और उनके उत्थान के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी।

वक्ताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायी नागरिक बनना है। इंटर्नशिप कार्यक्रम विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक अनुभव प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर, संवेदनशील एवं जागरूक नागरिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया तथा विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों से संवाद कर अपने प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए। अंत में प्रतिभागियों को इंटर्नशिप कार्यों को प्रभावी ढंग से संपादित करने एवं रिपोर्ट तैयार करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### जानलेवा हमले के आरोपियों पर मेहरबानी क्यों? बिक्रमगंज पुलिस की कार्यशैली पर उठे गंभीर सवाल

**बिक्रमगंज /रोहतास, 17 जून (तरुणमित्र)।** हाल ही में बिक्रमगंज थाना क्षेत्र में अनुसूचित जाति समुदाय के दो पक्षों के बीच हिंसक संघर्ष हुआ था। आरोप है कि एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष पर जानलेवा हमला किया गया। मामले में बिक्रमगंज थाना कांड संख्या 385/26 दर्ज किया गया है जिसमें लगभग सात लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है।हैरानी की बात यह है कि घटना के लगभग 10 दिन बीत जाने के बाद भी नामजद अभियुक्त खुलेआम घूम रहे हैं और अब तक उनकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। इससे बिक्रमगंज पुलिस की कार्यप्रणाली और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की प्रतिबद्धता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। जब प्राथमिकी दर्ज है, अभियुक्तों की पहचान स्पष्ट है और आरोप भी गंभीर प्रकृति के हैं तब भी पुलिस की निष्क्रियता समझ से परे है।ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि आखिर स्थानीय पुलिस किस परिस्थिति का इंतजार कर रही है? क्या किसी और बड़े संघर्ष, हिंसा या कानून-व्यवस्था की गंभीर स्थिति उत्पन्न होने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी? यदि नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध समय पर कानूनी कार्रवाई नहीं होती है तो यह न केवल पीड़ित पक्ष के न्याय के अधिकार को प्रभावित करता है बल्कि आम लोगों के बीच पुलिस की कार्यशैली और उसकी निष्पक्षता को लेकर भी गंभीर संदेह पैदा कर रहा है।

### 25 हजार का इनामी और टॉप-10 अपराधी विकेश उर्फ नेपाली गिरफ्तार : एसपी

**सीवान, 17 जून (तरुणमित्र)।**जिले में मंगलवार को एसटीएफ और जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में जिले के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल 25 हजार रुपये के इनामी अपराधी विकेश कुमार यादव उर्फ नेपाली पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस अधीक्षक पुरन कुमार झा ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए फरार एवं वांछित अपराधियों के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत एसटीएफ और जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में जिले के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल 25 हजार रुपये के इनामी अपराधी विकेश कुमार यादव उर्फ नेपाली को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि 16 जून को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ एवं जिला पुलिस टीम ने संयुक्त छापेमारी कर एम नगर थाना क्षेत्र के उसकी निवासी राम राम अवतार यादव के पुत्र विकेश कुमार यादव उर्फ नेपाली को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधी लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था और उसके खिलाफ कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं.पुरन कुमार झा ने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्त हुसैनगंज थाना कांड संख्या 219/23 में लूट की घटना के मामले में वांछित था। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था. गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। एसपी के अनुसार विकेश उर्फ नेपाली का आपराधिक इतिहास भी काफी लंबा है. उसके खिलाफ हुसैनगंज, आंदर और सिसवन थानों में लूट, अपराध की साजिश, चोरी के माल की खरीद-बिक्री तथा आर्म्स एक्ट के तहत कई मामले दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड में वह जिले के सक्रिय अपराधियों में शामिल रहा है.उन्होंने बताया कि जिले में अपराधियों के विरुद्ध चलाया जा रहा अभियान आगे भी जारी रहेगा।फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और कानून से बचने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# खादी प्राकृतिक पेंट निर्माण इकाई का केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने किया भ्रमण



**सासाराम, 17 जून (तरुणमित्र)।** रोहतास जिले के इंद्रपुरी क्षेत्र अंतर्गत जमुहारा में संचालित खादी प्राकृतिक पेंट निर्माण इकाई का बुधवार को केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने इकाई की उत्पादन प्रक्रिया का अवलोकन किया। उद्यमी और लाभुकों से संवाद कर उनके अनुभवों की जानकारी ली।यह इकाई वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) के अंतर्गत उद्यमी सुमन सौरभ द्वारा स्थापित की गई है। इकाई में गोबर आधारित प्राकृतिक एवं पर्यावरण-अनुकूल पेंट का निर्माण किया जा रहा है, जो स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

साथ ही यह स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने इकाई में निर्मित उत्पादों की गुणवत्ता एवं उत्पादन क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित स्वरोजगार योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसके उपरांत केंद्रीय मंत्री द्वारा उद्योग विभाग की योजनाओं, विशेषकर प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) की समीक्षा बैठक भी की गई। बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति, लक्ष्य प्राप्ति और लाभुकों को मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान पीएमईजीपी योजना के तहत रोहतास जिले द्वारा 177 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति पर केंद्रीय मंत्री ने संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों की सराहना की और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर प्रसन्नता जताई कि रोहतास जिला पीएमईजीपी के तहत राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर सम्मानित हो चुका है। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने उद्योग विभाग के महाप्रबंधक आशीष रंजन को बधाई दी।

### समोसे के पैसे मांगने पर दुकानदार की उंगली काट डाली

**नासरीगंज (रोहतास), 17 जून (तरुणमित्र)।** नासरीगंज शहर के मुख्य रोड स्थित एक चाय-नाश्ते के होटल में एक विचित्र घटना उस समय घटी जब समोसे के पैसे मांगने पर युवक ने दुकानदार की उंगली ही काट डाली। यह घटना मंगलवार को शाम में घटी। इस मामले में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अभियुक्त सूफियन इदरीसी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभियुक्त 25 वर्षीय युवक है जो शहर के ही वार्ड नंबर एक का निवासी बताया जाता है। पीड़ित एवं बनारसी होटल के संचालक राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि युवक पूर्व में भी कई बार नाश्ता-पानी करके बिना पैसे दिये चला गया था। इसी क्रम में मंगलवार की शाम जब वह समोसे खाकर पैसे दिये बगैर जाने लगा तो उन्होंने उससे पैसे मांग दिये। जिससे विवाद शुरू हो गया। इसी क्रम में अभियुक्त ने चाकू से उस पर हमला करना चाहा तो लोगों ने बीच-बचाव किया। तभी मौका पाकर युवक ने दुकानदार के दाहिने हाथ की अनामिका उंगली ही काट डाली।

## आरपीएफ इंस्पेक्टर को अकस ने किया सम्मानित

**डेहरी रोहतास, 17 जून (तरुणमित्र)।** रेल यात्रियों की सुरक्षा, कुशल व्यवहार के रूप में चर्चित नव पदस्थापित आरपीएफ इंस्पेक्टर राजकुमार कछवाहा का अभिनव कला संगम सदस्यों में मंगलवार की शाम आरपीएफ पोस्ट पर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में उपस्थित आरपीएफ की पूरी टीम को भी अभिनव कला संगम परिवार ने बेहतर कार्य करने के लिए हौसला बढ़ाया। अध्यक्ष कौशलेंद्र कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह में उपस्थित सदस्यों ने बारी-बारी से आरपीएफ इंस्पेक्टर को संस्थागत परिचय दिया। अध्यक्ष कौशलेंद्र कुशवाहा ने कहा कि आरपीएफ की टीम द्वारा लगातार यात्रियों की सुरक्षा में तत्पर देखा जाता है। यही कारण है, कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय- गया रेलखंड पर डेहरी रेलवे स्टेशन बिल्कुल अपराध मुक्त है। तथा ट्रेन से यात्रियों के कटने की संख्या भी नगण्य है। तपती धूप हो या बारिश प्लेटफार्म पर दौड़ लगाते हुए यात्रियों को जान बचाने से लेकर उनके सुरक्षित यात्रा में तत्पर होने वाले आरपीएफ की पूरी टीम बधाई के पात्र हैं। निदेशक कमलेश कुमार व महासचिव सिमल सिंह ने कहा कि जिला ही नहीं बिहार का पहला ऐसा सामाजिक सांस्कृतिक का प्रतिनिधि मंच अभिनव कला संगम है, जो सालों भर बृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, होली मिलन, ईद मिलन समारोह, मतदाता जागरूकता अभियान समेत अन्य कई कार्यक्रम कराती है। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिता से लेकर सांस्कृतिक महोत्सव करने का गौरव अभिनव कला संगम को प्राप्त है। समाज के विभिन्न समस्याओं को लेकर भी अभिनव कला संगम निरंतर कार्य करती है। जिसमें सरकार, शासन - प्रशासन रेल प्रशासन व समाज के सभी लोगों का सहयोग प्राप्त होता है। आरपीएफ इंस्पेक्टर राजकुमार कछवाहा ने कहा कि उन्हें यह बेहद खुशी है, कि ऐसी सामाजिक सांस्कृतिक संस्था का सहयोग उन्हें मिल रहा है।

### सीवान के दो परीक्षा केंद्रों से पकड़े गए आरोपी, मोतिहारी और गोपालगंज में भी दे चुके थे परीक्षा : एसपी

**सीवान, 17 जून (तरुणमित्र)।** केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) परीक्षा के दौरान सीवान में बड़े फजीर्वाड़े का खुलासा हुआ है।पुलिस ने दो अलग-अलग परीक्षा केंद्रों से दूसरे अभ्यर्थियों के स्थान पर परीक्षा देने पहुंचे दो फर्जी परीक्षार्थियों को गिरफ्तार किया है।उनके पास से कई कूटरचित दस्तावेज, प्रवेश पत्र और पहचान पत्र बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक पुरन कुमार झा ने बताया कि 17 जून को आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा की प्रथम एवं द्वितीय पाली के दौरान सरस्वती शिशु मंदिर परीक्षा केंद्र तथा दाउद मेमोरियल उर्दू गर्ल्स हाई स्कूल परीक्षा केंद्र पर तैनात पुलिस टीम ने दो संदिग्ध अभ्यर्थियों को पकड़कर पूछताछ की।

गिरफ्तार युवकों ने अपनी पहचान क्रमशः निवासी पटना के पीरबहोर थाने के त्रिलोकी कुमार का पुत्र सियाराम कुमार तथा जहानाबाद जिले के मंजोश थाना क्षेत्र के राजेश्वर यादव का पुत्र गौतम कुमार के रूप में बताई। जांच और सत्यापन के दौरान दोनों ने स्वीकार किया कि वे वास्तविक अभ्यर्थियों के स्थान पर परीक्षा देने पहुंचे थे।पुलिस जांच में उनके पास से बरामद प्रवेश पत्र, आधार कार्ड और अन्य पहचान दस्तावेजों में गंभीर विसंगतियां पाई गईं। कई कूटरचित दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि वे इससे पहले भी दूसरे अभ्यर्थियों के स्थान पर परीक्षा दे चुके हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि 14 जून को मोतिहारी और गोपालगंज में आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा में भी वे फर्जी अभ्यर्थी बनकर शामिल हुए थे। एसपी पुरन कुमार झा ने कहा कि यह मामला केवल दो फर्जी अभ्यर्थियों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे सक्रिय पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि असली अभ्यर्थी कौन हैं, उन्हें परीक्षा में बैठाने की व्यवस्था किसने की और इस गिरोह में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है तथा बरामद दस्तावेजों को जब्त कर लिया गया है। मामले की गहन जांच के साथ संभावित मास्टरमाइंड और अन्य संलिप्त व्यक्तियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी भी जारी है।पुलिस की इस कार्रवाई से सिपाही भर्ती परीक्षा में सक्रिय फजीर्वाड़ा गिरोहों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों का कहना है कि परीक्षा की निष्पक्षता से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### राजपुर बीडीओ पर आवास सहायक का गंभीर आरोप, कार्यालय में बुलाकर बेल्ट से पिटाई का दावा, प्राथमिकी दर्ज

**राजपुर /रोहतास, 17 जून (तरुणमित्र)।** जिले के राजपुर प्रखंड कार्यालय में तैनात एक आवास सहायक द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी पर लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद प्रशासनिक महकमे में हलचल मच गई है। आवास सहायक कुमार अमरेंद्र ने राजपुर थाना में लिखित आवेदन देकर इऊ्ड रवि रंजन राज तथा एक सिपाही के खिलाफ मारपीट, दुर्व्यवहार और धमकी देने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है।दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, 11 जून 2026 को दोपहर करीब 12 बजे कुमार अमरेंद्र अपने कार्यालय में सरकारी कार्यों का निष्पादन कर रहे थे। इसी दौरान किसी विभागीय विषय को लेकर बातचीत के बाद उन्हें इऊ्ड कार्यालय में बुलाया गया। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद एक सिपाही के साथ मिलकर इऊ्ड ने उनके साथ बेल्ट, थप्पड़ और मुक्कों से मारपीट की।आवास सहायक का कहना है कि इस घटना में उन्हें शारीरिक चोटें आईं और उन्हें मानसिक रूप से भी प्रताड़ित किया गया। उन्होंने अपने आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि संबंधित अधिकारी द्वारा पूर्व में भी अभद्र व्यवहार किया जाता रहा है। इसके अलावा उन्होंने पर शराब और गांजा सेवन करने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए हैं।मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए आवास सहायक ने प्रखंड कार्यालय परिसर एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कराने का अनुरोध किया है। उनका कहना है कि सीसीटीवी फुटेज से घटना की सच्चाई सामने आ सकती है। साथ ही उन्होंने अपनी जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग की है।

# बिहार पुलिस परीक्षा में सफल 93 प्रतिभागियों को किया सम्मानित

## सफल छात्रों को मुख्य अतिथि डॉ.मनीष ने उज्ज्वल भविष्य की दी बधाई

**बिक्रमगंज (रोहतास), 17 जून (तरुणमित्र)।** थाना क्षेत्र के व्यवहार न्यायालय के करियवा बाल ग्राउंड पर बुधवार को बिहार पुलिस में चयनित अभ्यर्थियों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार पुलिस में चयनित 93 युवक-युवतियों सहित उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। चयनित अभ्यर्थियों में अग्निवीर, बिहार पुलिस सहित होमगार्ड में छात्र-छात्राओं ने अपना परचम लहराया है। आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. मनीष रंजन ने सभी प्रतियोगी परीक्षा के सफल प्रतिभागियों के उपस्थिति में दीप



प्रज्वलित के साथ फीता काट कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जिसके बाद छात्रों ने डॉ. मनीष रंजन को फूला माला पहना उनका जोरदार स्वागत किया। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण,जनप्रतिनिधि सहित अभिभावक उपस्थित रहे। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि ने चयनित 93 अभ्यर्थियों को टोपी, मेडल एवं स्मृति कप प्रदान कर उन्हें पुरस्कृत किया। साथ ही उपस्थित अभिभावकों को भी अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

जिस सम्मान को पाकर अभ्यर्थियों और उनके परिजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मनीष ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मुन्ना बोल्ट एकेडमी टीम के आदित्यु कुमार गौतम, मुन्ना राज, मनीष कुमार नेतृत्व में युवाओं की कड़ी मेहनत,लगन और अनुशासन ही आज उन्हें सफलता के शिखर पर पहुंचा रही है। जिस मुन्ना बोल्ट एकेडमी के रिजल्ट उपलब्धि पर रोहतास जिला सहित विभिन्न जिलों के छात्र-छात्राए बिक्रमगंज में आकर फिजिकल की तैयारी कर बिहार पुलिस सहित अन्य डिफेंस में भर्ती होकर अपने जिला सहित बिहार का भी नाम रोशन कर रहें है। मौके पर सुनील सिंह, पूर्व मुखिया विनोद सिंह, प्राचार्या प्रमिला सिंह व छात्र-छात्राएं साहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# एचयूआरएल आज देश का दूसरा सबसे बड़ा यूरिया उत्पादकः वीरेन्द्र मलिक

## एचयूआरएल बरौनी इकाई में 11वें स्थापना दिवस का भव्य आयोजन

**बेगूसराय, 17 जून (तरुणमित्र)।** हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) के 11वें स्थापना दिवस का उत्सव एचयूआरएल बरौनी इकाई में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर एचयूआरएल के अध्यक्ष वीरेन्द्र मलिक, निदेशक सुश्री रितु अरोड़ा, प्रबंध निदेशक शिवा प्रसाद मोहंती तथा कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने भाग लिया। कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को संबोधित करते हुए एचयूआरएल के अध्यक्ष वीरेन्द्र मलिक ने संगठन की स्थापना से लेकर अब तक की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कंपनी के किसी भी प्रमोटर को उर्वरक उत्पादन का पूर्व अनुभव



नहीं था, फिर भी सभी ने इस चुनौती को स्वीकार किया और सामूहिक प्रयासों के बल पर एचयूआरएल आज देश का दूसरा सबसे बड़ा यूरिया उत्पादक बन चुका है। प्रबंध निदेशक शिवा प्रसाद मोहंती ने कर्मचारियों की प्रतिबद्धता, समर्पण और त्याग की सराहना की। उन्होंने कहा कि एचयूआरएल परिवार के सामूहिक प्रयासों ने संगठन को अल्प समय में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों, विशेष रूप से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज संकट का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे कठिन परिस्थितियों के बावजूद एचयूआरएल ने 100 प्रतिशत से अधिक उत्पादन का लक्ष्य हासिल कर अपनी क्षमता और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया है। बरौनी इकाई प्रमुख नितिन सक्सेना ने पिछले एक वर्ष में बरौनी इकाई द्वारा हासिल की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियों की जानकारी दी।

उन्होंने उत्पादन एवं ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ-साथ कर्मचारियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए उठाए जा रहे विभिन्न कदमों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन प्रसिद्ध गायक सलमान अली एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक संध्या के साथ हुआ। जिसने उपस्थित सभी लोगों का भरपूर मनोरंजन किया।

### मातृभूमि के प्रति समर्पण रहने वाले एक अडिग वीर योद्धा थे महाराणा प्रताप : डॉ. मनीष

**बिक्रमगंज /रोहतास, 17 जून (तरुणमित्र)।** देश में मेवाड़ के महान वीर योद्धा महाराणा प्रताप की धूमधाम और हर्षोल्लास साथ मनाई गई जयंती । इस ऐतिहासिक उत्सव को मनाते हुए भाजपा प्रदेश कार्य समिति समिति सदस्य डॉ. मनीष रंजन ने वीर योद्धा महाराणा प्रताप के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित व नमन कर उन्हें याद किया । उक्त अवसर पर डॉ. मनीष ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हल्दीघाटी विजय के 450 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हिंदू कैलेंडर यानी विक्रम संवत के अनुसार 17 जून को ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के रूप में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मनाई जा रही 486 वीं जयंती देश के ऐतिहासिक 'गौरव दिवस' के रूप में मनाया गया । जो पूरे देश में एक देशभक्ति की एक अनूठी मिसाल है उन्होंने कहा कि योद्धा महाराणा प्रताप अदम्य साहस, मातृभूमि के प्रति समर्पण के साथ स्वाभिमान भरे सिद्धांतों को अपनाने वाले अडिग रहने वाले देश के एक महान पुरुष थे ।


Bandhan Bank | रीजनल ऑफिसः नेताजी मार्ग, मीठाखली छः रास्ते के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-06. फोनः +91-79-26421671-75

**ऋणीओं के लिए मांग सूचना**

नीचे बताया गया खाता एन.पी.ए. में परिवर्तित किया गया है और बंधन बैंक द्वारा सिक्युरिटाइझेशन एन्ड रिकन्स्ट्रकशन ओफ फायनान्सियल एसेट्स एन्ड एन्फोर्समेन्ट ओफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट (धी एक्ट), 2002 की धारा 13 (2) तहत नीचे बताए गए कर्जदारों को डिमान्ड नोटिस जारी की गई थी, जो वापिस आई है। इस लिए आप सभी को और सार्वजनिक जनता को इस प्रकाशन द्वारा नोटिस जारी की जा रही है।

| ऋणीयों के नाम और ऋण खाता नं. | बंधक संपत्ति (सुरक्षित संपत्ति) का ब्यौरा | मांग सूचना की तिथि/ NPA की तिथि | मांग सूचना तिथि को बकाया राशि | सूचना चस्पा करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री विजय बहादुर सिंह श्रीमती मंजू देवी श्रीमती सबिता देवी 20008440000088 | सभी चल और अचल संपति, जो अंतिम प्लॉट नंबर 4868 खाता नंबर 1105, भूमि क्षेत्रफल 40 वर्ग मीटर और निर्मित क्षेत्रफल 80 वर्ग मीटर एमटीआर, थाना नंबर- 441, मौजा- नोखा आंचल रोहतास, शहर और जिला रोहतास, बिहार- 802215 में स्थित है और जो आवरित है: उत्तर: महेंद्र प्रसाद, पूर्व: स्वर्गीय बबन प्रसाद, पश्चिम: रास्ता 12, दक्षिण: अमरेंद्र चौधरी | अप्रैल 30,2026/ अप्रैल 05,2026 | रु.11,31,928.93 (अप्रैल 08,2026 तक) | जून 09, 2026 |
| श्री मुकुंद कुमार श्रीमती अलका कुमारी 20007730000243 | सभी चल और अचल संपति, जो अंतिम प्लॉट संख्या-खेसरा संख्या-7716, भूमि क्षेत्रफल 445.26 वर्गमीटर है और सुपर निर्मित क्षेत्र 45.26 वर्गमीटर है, जो सर्वेक्षण संख्या-खाता संख्या-2018, भवन संख्या-डुमरा, मकान संख्या-रकवा 11, भवन का नाम-कुमहारा विष्णुपुर, क्षेत्र-डुमरा, शहर-सीतामढ़ी, बिहार- 843323 में स्थित है और जो आवरित है: उत्तर: निज मनमोकिर, पूर्व: गौरी नंदन सिंह, पश्चिम: निज मनमोकिर, दक्षिण: सड़क | अप्रैल 22, 2026/ अप्रैल 05, 2026 | रु.10,28,358.84 (अप्रैल 08, 2026 तक) | जून 10, 2026 |
| श्री रंजीत गोपाल प्रसाद श्रीमती जिया कुमारी रंजीत प्रसाद 20007720000215 | सभी चल और अचल संपति, जो फ्री होल्ड ज़मीन और उससे जुड़ी संपत्तियां और बंगला परिसर, जिसमें ज़मीन का क्षेत्रफल 53.15 वर्ग मीटर और सुपर बिल्ट-अप एरिया 40.52 वर्ग मीटर है. यह अंतिम प्लॉट नंबर - थाना कोड 306, सर्वे नंबर - प्लॉट नंबर 2415, 2419, 2420, ब्लॉक/बिल्डिंग नंबर - पटना सिटी, हाउस नंबर पर स्थित है - सर्कल नंबर 136, बिल्डिंग/सोसाइटी का नाम - होल्डिंग नंबर 26/26, स्ट्रीट नंबर/इलाका - पटना, शहर - पटना में स्थित है और जो आवरित है: उत्तर: श्रीमती पिंकी देवी, पूर्व: प्रकाश कुमार यादव, पश्चिम: महेश प्रसाद यादव, दक्षिण: 5 फ़ीट का रास्ता | जून 26, 2025/ मई 06, 2025 | रु. 32,49,689.45 (जून 21, 2025 तक) | जून 11, 2026 |
| श्री अरुण कुमार महतो श्रीमती शोभा देवी 90001357541042 | सभी चल और अचल संपति, जो फ़ाइनल प्लॉट नंबर-खेसरा 395, सर्वे नंबर-खाता 107, माप लगभग 850.00 वर्ग फ़ीट, बिल्डिंग नंबर-वार्ड 17, फ़्लोर नंबर-01, बिल्डिंग का नाम-थाना-रक्सौल, स्ट्रीट का नाम-मौज़ा-धनगढ़वा कोरिहर, शहर-रक्सौल, बिहार- 845305 में स्थित है और जो आवरित है: उत्तर: निज़ वेंडर (स्वयं विक्रेता), पूर्व: 8 फ़ीट चौड़ा रास्ता, पश्चिम: राम नारायण साह, दक्षिण: निज़ वेंडर (स्वयं विक्रेता) | अप्रैल 22, 2026/ अप्रैल 05, 2026 | रु.15,29,515.10 (अप्रैल 08, 2026 तक) | जून 11, 2026 |

आप से इस सूचना के माध्यम से यह मांग की जाती है की इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर आपके नाम के सामने वर्णित बकाया लोन राशि ब्याज, खर्च, शुल्क सहित का भुगतान कर दें, अन्यथा सरफैसी एक्ट की धारा 13 (4) के तहत अगली कार्यवाही की जाएगी। सुरक्षित संपत्ति को रीडीम करने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में कर्जदार का ध्यान, अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित किया जाता है।

स्थानः बिहार
तारीखः जून 18, 2026

प्राधिकृत अधिकारी
बंधन बैंक लिमिटेड


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं समूह सम्पादक कैलाशनाथ के द्वारा अजीमाबाद प्रिन्टर 5-47 प्लाट न0 905 वाचस्पती कॉलनी रोड कुम्हरार गुमटी संदलपुर रोड, पटना से मुद्रित होकर 302, रघुवंशम अपार्टमेन्ट किदवईपुरी, पटना से प्रकाशित। कार्यकारी संपादक-योगेन्द्र विश्वकर्मा। फोन/फैक्स 0612-2522597, 2529927 मो. 8578001500 पोस्ट पंजीयनः CO- 174/2002 आर.एन.आई BIHHIN/2002/9030, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होंगे। email ID-tarunmitrapatna@gmail.com

# सपा व अन्य विपक्षी दल जनता को कर रहे गुमराह : ब्रजेश

प्रेम शंकर त्रिपाठी



**देवरिया, 17 जून (तरुणमित्र)।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए विपक्ष पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं और करोड़ों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में सफलता मिली है।

देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के साथ ही उपमुख्यमंत्री ने योग केंद्र का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प के साथ केंद्र सरकार लगातार आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में जुटी है। उनके अनुसार बीते 12 वर्षों में देश के बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। स्वास्थ्य सेवाओं पर चर्चा करते हुए ब्रजेश पाठक ने कहा कि पहले प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बेहद सीमित थी, जिससे मरीजों को इलाज के लिए दूसरे राज्यों की ओर जाना पड़ता था। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ₹वन डिस्ट्रिक्ट-वन मेडिकल कॉलेज₹ की परिकल्पना को धरातल पर उतारा गया है,( जिससे चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार हुआ है और भविष्य में चिकित्सकों की कमी भी दूर होगी। विपक्ष पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी दल जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। गोरखपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को लेकर उठाए गए सवालों पर उन्होंने दावा किया कि सभी पीएचसी सुचारु रूप से संचालित हो रहे हैं और विपक्ष को तथ्य आधारित राजनीति करनी चाहिए।

शिवसेना नेता संजय राउत की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल राजनीतिक हताशा में अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि देश की जनता सब कुछ देख रही है और भाजपा सरकार ₹सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास₹ के संकल्प के साथ विकास की यात्रा को आगे बढ़ा रही है।

## लाइसेंसी पिस्टल से चली गोली 13 वर्षीय बालिका की मौत

**देवरिया, 17 जून (तरुणमित्र)।** शहर के कोतवाली क्षेत्र स्थित मोहन रोड पर मंगलवार रात एक दर्दनाक हादसे में 13 वर्षीय बालिका की गोली लगने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।पुलिस के अनुसार व्यवसायी सुशील बरनवाल के घर में रात करीब 9:48 बजे गोली चलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि गाजीपुर जनपद के सादात निवासी विजय बरनवाल की 13 वर्षीय पुत्री गोपी, जो एक दिन पूर्व ही अपने रिश्तेदार के घर आई थी, गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।परिजनों ने पुलिस को बताया कि घर में रखी लाइसेंसी पिस्टल लोड अवस्था में लॉक कर कमरे में रखी गई थी। गोली कैसे चली, इसकी जानकारी किसी को नहीं है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला बालिका द्वारा लापरवाहीवश पिस्टल से गोली चल जाने का प्रतीत हो रहा है।

# किसान दिवस में उठीं किसानों की समस्याएं डीएम ने दिया त्वरित समाधान का भरोसा

**देवरिया, 17 जून (तरुणमित्र)।** विकास भवन स्थित गांधी सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों ने कृषि, बीज, खाद, फसल बीमा और फार्मर रजिस्ट्री से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री का मुद्दा सबसे प्रमुख रहा। किसानों ने बताया कि आधार कार्ड और खतौनी में नाम अलग-अलग होने के कारण बड़ी संख्या में किसानों का पंजीकरण नहीं हो पा रहा है, जिससे उन्हें खाद और बीज प्राप्त करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर प्रक्रिया को सरल बनाने के निर्देश दिए। उप कृषि निदेशक सुभाष मौर्य ने बताया कि जनपद के सभी राजकीय कृषि बीज भंडारों पर सांवा, कोदो, बाजरा, तिल, रागी और मूंगफली के मिनीकिट निःशुल्क उपलब्ध हैं। किसान विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण कर इनका लाभ उठा सकते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि जिले में खाद, बीज और कृषि रक्षा रसायनों की पर्याप्त उपलब्धता है। किसानों ने बीज गोदामों पर रेट सूची प्रदर्शित न होने और खरीदारी पर रसीद न दिए जाने की शिकायत भी की। इस पर कृषि विभाग ने स्पष्ट किया कि सभी गोदामों पर रसीद देना अनिवार्य है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। किसान यूनियन प्रतिनिधियों ने मांग किया कि किसान दिवस में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें, ताकि समस्याओं का मौके पर ही समाधान हो सके। फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधि ने किसानों को पॉलिसी संबंधी जानकारी प्राप्त करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी राजेश सिंह, विभिन्न विभागों के अधिकारी, किसान संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने किसान संगठनों से फार्मर रजिस्ट्री अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### साइबर अपराध के शिकार हुए पीड़ित को वापस कराई गई 11 हजार की धनराशि

**संतकबीरनगर 17 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना* के निर्देशन में क्रैक साइबर क्राइम अभियान के तहत साइबर अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों को त्वरित राहत दिलाने हेतु साइबर सेल थाना कोतवाली खलीलाबाद टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदिका को लाभ का प्रलोभन देकर उसके साथ धोखाधड़ी (फ्रॉड) कर फ्राड खाते में ट्रांसफर हुए 81000 रुपये में से 11000 रुपये की धनराशि आवेदिका के खाते में सफलतापूर्वक वापस करा दी गयी । घटना का संक्षिप्त विवरणः- चन्दा पत्नी हिरालाल साकिन जूरी थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संत कबीर नगर से दिनॉक 09.02.2024 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदिका को लाभ का प्रलोभन देकर उसके साथ धोखाधड़ी (फ्रॉड) कर फ्राड खाते में 81000 रुपये की धनराशि ट्रांसफर करवा लिया गया । ठगी का अहसास होने पर आवेदिका ने तत्काल थाना कोतवाली खलीलाबाद में शिकायत दर्ज कराई ।

### राज्य महिला आयोग की सदस्य ने की सुनवाई

**गाजीपुर , 17 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वालम्बन तथा जनपद में महिला अपराध, महिला उत्पीड़न, घरेलू हिन्सा, पति द्वारा मारने पिटने, ससुराल में दहेज के कारण उत्पीड़न अथवा अन्य किसी भी प्रकार से पीड़ित एवं प्रताड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे महिला आयोग द्वारा सुनवाई के क्रम में लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस/निरीक्षण गृह में पुलिस अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में सुनवाई किया। सुनवाई के दौरान मा0 सदस्य ने कहा कि प्रदेश सरकार की मन्शा के अनुसार महिला आयोग पूरी तरह से महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा एवं अन्य किसी भी प्रकार के उत्पीड़न से न्याय दिलाने हेतु संवेदनशील है तथा विकास के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं/बालिकाओं की भागीदारी मा0 मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होने कहा कि आयोग में सुनवाई के दौरान महिलाओं की समस्याओं का गहन विश्लेषण कर अन्य संबंधित अधिकारियों के सहयोग से उचित कार्यवाही कर उसका समाधान करना उनकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। सुनवाई के दौरान सदस्य महिला आयोग के समक्ष महिला उत्पीड़न से सम्बंधित अनेक प्रकरण आया जिस पर मा0 सदस्य द्वारा उपस्थित अधिकारियों को मामले की जांच करवाकर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए न्याय दिलाने हेतु निर्देशित किया गया।

### पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई में शिकायतकर्ताओं की सुनी गई समस्याएं

**संत कबीर नगर आज , 17 जून (तरुणमित्र)।** को पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना* द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से कार्यालय में उपस्थित होकर फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया । जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का अवलोकन कर सम्बन्धित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को शिकायतों के निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण करते हुए निर्धारित समयावधि में उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकताओं को की गई कार्यवाही से अवगत भी कराया जाए । पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान कर पुलिस के प्रति जनता के विश्वास को और अधिक मजबूत बनाना है। जनपद पुलिस आमजन की समस्याओं के समाधान एवं बेहतर पुलिसिंग के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है ।

### हरिद्वार गोल्ड मेडल आर्चरी प्रतियोगिता में देवरिया के तीरंदाजों का जलवा, जीते 13 पदक

**देवरिया , 17 जून (तरुणमित्र)।** हरिद्वार में 16 से 21 जून तक आयोजित गोल्ड मेडल आर्चरी प्रतियोगिता में संजीवा सिंह आर्चरी इंस्टीट्यूट, देवरिया के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 13 पदक जीतकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों ने रैंकिंग राउंड तथा एलिमिनेशन एवं ओलंपिक राउंड में पांच स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदक अपने नाम किए। रैंकिंग राउंड में अंडर-13 रिकर्व वर्ग में प्रज्ञा सिंह ने स्वर्ण, अनंत गुप्ता ने रजत और प्रभात ने कांस्य पदक जीता। वहीं अंडर-13 कंपाउंड वर्ग में आर्य प्रताप सिंह ने स्वर्ण तथा उत्कर्ष ने कांस्य पदक हासिल किया। अंडर-18 रिकर्व बालक वर्ग में जतिन गुलाटी ने कांस्य पदक प्राप्त किया। एलिमिनेशन एवं ओलंपिक राउंड में भी खिलाड़ियों का दबदबा कायम रहा। अंडर-13 रिकर्व बालिका वर्ग में प्रज्ञा सिंह ने दिल्ली की गुनूर को 6-0 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अंडर-13 रिकर्व बालक वर्ग में अनंत गुप्ता ने सेमीफाइनल में प्रभात को टाई-ब्रेक में हराकर फाइनल में जगह बनाई, जबकि प्रभात ने कांस्य पदक जीता।

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण : लोहिया कला भवन में लगी प्रदर्शनी का उद्घाटन

◆ विधायक, डीएम व सीडीओ ने किया अवलोकन, टीबी मरीजों को बांटी पोषण पोटली



**सिद्धार्थनगर, 17 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को लोहिया कला भवन में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। विधायक कपिलवस्तु श्याम धनी राही, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने फीता काटकर प्रदर्शनी व विभिन्न विभागों के स्टॉल का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद विधायक, डीएम व सीडीओ ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। अधिकारियों से केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति व लाभार्थियों को मिल रहे लाभ के बारे में जानकारी ली।

निर्देश दिया कि जो पात्र लाभार्थी अब तक योजनाओं से वंचित हैं, उनका तत्काल पंजीकरण कराकर लाभ दिलाया जाए। इस अवसर पर विधायक श्याम धनी राही, डीएम शिवशरणप्पा जी एन व सीडीओ बलराम सिंह ने टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व नवजात बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया गया। कार्यक्रम में जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी बीएस यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नीरज अग्रवाल सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## विदेश में मृत नाविक के परिवार से मिले अजय लल्लू, सरकार पर साधा निशाना

**देवरिया, 17 जून (तरुणमित्र)।** होर्मुज क्षेत्र में हुए अमेरिकी हमले में जान गंवाने वाले सुरौली गांव निवासी भारतीय नाविक शिवानंद चौरसिया के परिजनों से मंगलवार को कांग्रेस नेताओं ने मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और उन्हें ढांढस बंधाया।इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी फोन पर परिवार से बातचीत कर संवेदना व्यक्त की तथा हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। अजय लल्लू ने कहा कि शिवानंद चौरसिया परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने और कर्ज चुकाने के उद्देश्य से विदेश गए थे, लेकिन दुर्भाग्यवश वह इस हमले का शिकार हो गए।

## सेवरही बिजली विभाग में 70 लाख का खेल बना चर्चा का विषय

**कुशीनगर, 17 जून (तरुणमित्र)।** के सेवरही विद्युत वितरण खंड में करोड़ों रुपये के बड़े खेल का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि बिजनेस प्लान के तहत कागजों में तो धड़ल्ले से नए ट्रांसफार्मर लगा दिए गए और उनकी क्षमता भी बढ़ा दी गई, लेकिन धरातल पर कई जगहों से ट्रांसफार्मर पूरी तरह गायब हैं!

काम बिना पूरा हुए ही फाइलों में विकास दिखाकर करोड़ों का भुगतान भी करा लिया गया। सबसे ज्यादा हैरान करने वाली बात यह है कि संबंधित अधिशासी अभियंता के ट्रांसफर होने के बाद भी आनंद-



फानन में लगभग 70 लाख रुपये का भुगतान जारी कर दिया गया। ओटीएस योजना में भी बड़े पैमाने पर खेल के आरोप हैं। इस महाघोटाले की गूंज अब सीधे ऊर्जा मंत्री तक पहुंच चुकी है, जिससे पूरे महकमे में हड़कंप मच गया है!

## डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस आयोजित

**संत कबीर नगर , 17 जून (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। किसान दिवस आयोजन में जिला स्तरीय अधिकारी, कृषक एवं कृषक संगठन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। आए हुए लोगो का स्वागत करते हुए जिला कृषि अधिकारी द्वारा पिछली बैठक की परिपालन आख्या प्रस्तुत की गई एवं पिछली बैठक में कृषकों द्वारा उठाई गई समस्याओं के समाधान के विषय में अवगत कराया गया। किसान दिवस में जिला कृषि अधिकारी ने अवगत कराया की बीजों की ऑनलाइन बुकिंग करा कर बीज वितरण का कार्य किया जा रहा है साथ ही ई-लाटरी के द्वारा भी बीज का वितरण किया जा रहा है।भूमि संरक्षण अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद को 12 खेत तालाब के लक्ष्य प्राप्त हुए हैं जिसमें किसान ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से तालाब प्राप्त कर सकता है बैठक में उप कृषि निदेशक द्वारा भारत सरकार के 12 साल पूरे होने पर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। इस बैठक में उद्योग विभाग की सहायक आयुक्त जितेंद्र गौतम द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के बारे में विस्तार से बताया गया उन्होंने बताया पांच लाख तक का लोन बिना ब्याज के कृषको को ट्रैक्टर एवं मिनी राइस प्लांट के लिए उपलब्ध है। इसी क्रम में पवन सिंह मशरूम उत्पादक नाथनगर ने मशरूम के तकनीकी उत्पादन के बारे में उपस्थित लोगों को अवगत कराया। यशवर्धन पांडेय द्वारा नाथनगर द्वारा मक्का की खेती एवं मक्का की खेती में हुए ।

# डबल इंजन सरकार पर जताया भरोसा, जनसंपर्क अभियान में गिनाईं मोदी सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियां

**पडरौना, कुशीनगर, 17 जून (तरुणमित्र)।** भारतीय जनता पार्टी के विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत नगर पालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर व्यापारियों, वरिष्ठ नागरिकों, प्रबुद्धजनों एवं आम नागरिकों से संवाद स्थापित किया। इस अवसर उन्होंने केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं विकास के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी साझा किया। इस दौरान अध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, राष्ट्रीय सुरक्षा, आधारभूत संरचना, महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण तथा युवा उत्थान के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचा है, जिससे करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है तथा आधारभूत विकास, नगरों के सौंदर्यीकरण, धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरी उतरी है। जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने घर-घर जाकर सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दिया। इस अवसर पर नागरिकों ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश की निरंतर प्रगति पर विश्वास व्यक्त किया। इस दौरान कार्यक्रम में प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल, सभासद बलवंत सिंह, अरुण सिंह, विजय शर्मा, अशोक अग्रवाल, बृजेश शर्मा, राजेश जायसवाल, विनय मद्धेशिया, अभय मारोदिया, संतोष चौहान, आकाश वर्मा, आदर्श जायसवाल, धर्मेंद्र मद्धेशिया, मंथन सिंह, विकास मद्धेशिया व काशी राजभर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

## सामाजिक समरसता की गौरवशाली भूमि है देवरिया : कमलेश

**देवरिया, 17 जून (तरुणमित्र)।** जिला पंचायत सदस्य एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं पथरदेवा क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता कमलेश पाण्डेय ने देवरिया की ऐतिहासिक विरासत, सांप्रदायिक सौहार्द और विकास की आवश्यकता को लेकर जिलेवासियों के नाम भावनात्मक अपील जारी की है।

उन्होंने कहा कि देवरिया केवल एक जनपद नहीं, बल्कि संतों, शहीदों और सामाजिक समरसता की गौरवशाली भूमि है। उन्होंने कहा कि देवरिया को प्राचीन काल में ₹देवारण्य₹ अर्थात देवताओं का वन कहा जाता था। यह ब्रह्मर्षि देवरहा बाबा की तपोभूमि और बाबा राघव दास की कर्मभूमि रही है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीद रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक



उल्ला खां तथा बाल शहीद सोना स्वर्णकार के बलिदान को याद करते हुए कहा कि इन महान विभूतियों ने जाति और धर्म से ऊपर उठकर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। कमलेश पाण्डेय ने कहा कि देवरिया की पहचान हमेशा भाईचारे और सामाजिक एकता की रही है। आजादी की लड़ाई से लेकर वर्तमान तक यहां विभिन्न समुदायों के लोग आपसी सद्भाव के साथ रहते आए हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि चुनावी माहौल में यदि कोई व्यक्ति या नेता धर्म और समुदाय के नाम पर समाज को बांटने की कोशिश करे तो उसे सफल न होने दें। उन्होंने कहा कि वास्तविक मुद्दे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं हैं। जनता को इन्हीं विषयों पर सोचकर निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने युवाओं और नागरिकों से शांति, विकास और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया।अपने संदेश के अंत में उन्होंने कहा कि ₹विकसित भारत, विकसित देवरिया₹ ही हम सभी का लक्ष्य होना चाहिए। देवरिया की पहचान उसकी प्रतिभा, संस्कृति और भाईचारे से होनी चाहिए, न कि किसी प्रकार के विवाद या वैमनस्य से।

## एक जनपद एक उत्पाद टूलकिट प्रशिक्षण योजना की लागू

**संत कबीर नगर , 17 जून (तरुणमित्र)।** उपायुक्त उद्योग ने बताया है कि उ०प्र०सरकार द्वारा प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के स्थानीय दस्तकारों तथा पारम्परिक कारीगरों के विकास हेतु एक जनपद एक उत्पाद टूलकिट प्रशिक्षण योजना लागू किया गया है। योजनान्तर्गत परम्परागत कारीगर जैसे- पीतल के बर्तन एवं होजरी उत्पाद के आजिविका के साधनों को सुदृढ़ीकरण करते हुए उनके जीवन स्तर को उन्नत किया जाना है। योजनान्तर्गत परम्परागत कारीगरों को उद्यम के आधार पर कौशल वृद्धि हेतु 10 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। उक्त हेतु इच्छुक अभ्यर्थी पर एक जनपद एक उत्पाद टूलकिट प्रशिक्षण योजना का चयन करते हुए आनलाईन आवेदन कर सकते है। आवेदन पत्र आनलाईन करने की अन्तिम तिथि 31. 05.2026 निर्धारित की गयी थी,।

## उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मुस्कान हॉस्पिटल का किया शुभारम्भ

**देवरिया , 17 जून (तरुणमित्र)।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बुधवार को जनपद भ्रमण के दौरान कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के साथ देसही देवरिया क्षेत्र के ग्राम देसही में नवस्थापित मुस्कान हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। फीता काटकर अस्पताल का शुभारंभ करते हुए उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता को समय की प्रमुख आवश्यकता बताया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों में आधुनिक चिकित्सा सेवाओं का विस्तार होने से लोगों को इलाज के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने अस्पताल के संचालक डॉ. संतोष तप्पन मिश्रा की पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि यह संस्थान क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रजेश पाठक ने प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों और योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक बेहतर चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाना है और इसी दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं।उपमुख्यमंत्री सबसे पहले देसही देवरिया में बनाए गए हेलीपैड पर पहुंचे, जहां से सीधे उद्घाटन स्थल पहुंचे। इस दौरान उनका स्वागत महर्षि देवरहा बाबा का चित्र स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद रमापति राम त्रिपाठी, भाजपा पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह देखने को मिला।

# नवनिर्मित कान्हा गौशाला का उद्घाटन, डीएम ने परिसर का निरीक्षण कर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**गाजीपुर, 17 जून (तरुणमित्र)।** तहसील सेवराई क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत दिलदारनगर ग्राम उसियॉं में पशुपालन, कृषि विकास एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत नवनिर्मित कान्हा गौशाला का उद्घाटन जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद एवं भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय, एवं नगर पंचायत दिलदारनगर के अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला परिसर का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का



जायजा लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं अन्य अतिथियों ने गौ-माता को गुड़, रोटी, केला खिलाकर गौ सेवा एवं पशु संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों एवं पशुपालकों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि गौशालाएं केवल निराश्रित गोवंश के संरक्षण का माध्यम नहीं हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, जैविक खेती तथा प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने का भी सशक्त आधार हैं। उन्होंने कहा कि गौवंश आधारित कृषि पद्धतियां किसानों की लागत कम करने तथा पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होने ने कहा कि शासन द्वारा पशुपालन एवं कृषि क्षेत्र के विकास हेतु अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ किसानों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने किसानों से आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने तथा सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने का आह्वान

## मोहर्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट 31 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात

**देवरिया, 17 जून (तरुणमित्र)।** मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। जनपद में शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संवेदनशील स्थलों की पहचान कर 31 सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। इसके अलावा पांच आरक्षित मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए हैं। अपर जिलाधिकारी ( प्रशासन ) प्रेम नारायण सिंह ने बताया कि सभी तैनात अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में पूरी सतर्कता और जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन की ओर से मोहर्रम के दौरान निकलने वाले जुलूसों, ताजियों और अन्य धार्मिक आयोजनों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की अवांछनीय स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने बताया कि मोहर्रम पर्व की तैयारियों एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए 18 जून को अपराह्न चार बजे पुलिस लाइन स्थित प्रेक्षागृह में केंद्रीय शांति समिति ( सेंट्रल पीस कमेटी ) की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में संबंधित अधिकारियों, पुलिस प्रशासन के प्रतिनिधियों तथा नामित मजिस्ट्रेटों को समय से उपस्थित रहने के निर्देश दिया है।

# मोहर्रम को लेकर डीएम-एसपी ने की पीस कमेटी की बैठक

### धर्मगुरुओं से अपील : अफवाहों पर न दें ध्यान, सौहार्द बिगाड़ने वालों की दें सूचना

**सिद्धार्थनगर , 17 जून (तरुणमित्र)।** आगामी मोहर्रम पर्व को सकुशल संपन्न कराने व जनपद में शांति-सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने की।

डीएम व एसपी ने बैठक में मौजूद धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों व गणमान्य नागरिकों से अपील की कि सभी लोग एक-दूसरे के धर्म



की भावनाओं का सम्मान करें। जिले में शांति व्यवस्था व सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों की तत्काल सूचना पुलिस को दें। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। अफवाह की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करें। पुलिस व प्रशासन का सहयोग कर जिले में सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखें। एसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने सोशल मीडिया को लेकर विशेष सतर्कता बरतने को कहा। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति भड़काऊ, गलत या अशोभनीय पोस्ट शेयर न करे। ऐसा कोई कमेंट भी न करें जिससे किसी व्यक्ति या संप्रदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हों।

ऐसा करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष सहित पुलिस व प्रशासन के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# ईशान किशन का लखनऊ में तूफानी शतक अफगानिस्तान के खिलाफ रचा नया रिकॉर्ड



**लखनऊ।** इकाना स्टेडियम में बुधवार को भारत और अफगानिस्तान के बीच खेले जा रहे दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में भारतीय बल्लेबाज ईशान किशन ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए केवल 71 गेंदों में शतक पूरा कर नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

ईशान ने शुरूआत संभल कर की और अपना अर्धशतक 52 गेंदों में पूरा किया, लेकिन इसके बाद उन्होंने गियर बदलते हुए अगली 53 रन केवल 19 गेंदों में बना डाले। शतक पूरा करते ही उन्होंने हेलमेट उतारकर दर्शकों का अभिवादन किया, जबकि कप्तान शुभमन गिल ने मैदान पर उन्हें गले लगाया।

**लखनऊ में सबसे तेज शतक का रिकार्ड ईशान के नाम, दूसरे नंबर पर गिल**

ईशान के शतक तक पहुंचने वाला क्षण भी बेहद खास रहा। अफगानिस्तान के गेंदबाज बिलाल सामी की गेंद पर उन्होंने शानदार कट शॉट खेलते हुए चौका लगाया और इसी के साथ अपना शतक पूरा किया। यह शतक कई मायनों में ऐतिहासिक रहा। ईशान किशन अब अफगानिस्तान के खिलाफ सबसे तेज एकदिवसीय शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इसके अलावा वह लखनऊ में सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी बन गए। इसी मैच में शुभमन गिल ने भी 76 गेंदों पर शतक पूरा किया और लखनऊ के इस मैदान पर सबसे तेज शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। समाचार लिखे जाने तक भारत ने 35 ओवर में 2 विकेट पर 294 रन बना लिए हैं। गिल 122 और ईशान किशन 122 रन बनाकर खेल रहे हैं।

अफगानिस्तान के खिलाफ सबसे तेज वनडे शतक (गेंदों के आधार पर):

57 गेंद - इयॉन मॉर्गन (मैनचेस्टर, 2019)

71 गेंद - ईशान किशन (लखनऊ, 2026)

76 गेंद - ग्लेन मैक्सवेल (मुंबई, 2023 विश्व श्रृंखला)

77 गेंद - शुभमन गिल (लखनऊ, 2026)

लखनऊ में खेली गई शुभमन गिल और ईशान किशन की यह पारी भारतीय टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाने में अहम साबित हुई।

# इकाना स्टेडियम 10वें अंतरराष्ट्रीय मुकाबले की कर रहा मेजबानी

## भारत में तीन बदलाव, प्रिंस यादव का डेब्यू, भारत करेगा पहले बल्लेबाजी



**लखनऊ।** भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में आज भारत और अफगानिस्तान के बीच एक और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेला जा रहा है। लखनऊ स्थित यह स्टेडियम अपने इतिहास का 10वां अंतरराष्ट्रीय मैच आयोजित कर रहा है। वहीं भारतीय टीम यहां अपना तीसरा मुकाबला खेल रही है।

इससे पहले खेले गए दो मैचों में भारत को एक में जीत और एक में हार मिली है। मौसम की चुनौती को देखते हुए आज खेले जा रहे मुकाबले के दौरान खिलाड़ियों को राहत देने के लिए तीन ड्रिंक्स ब्रेक रखे गए हैं। तय कार्यक्रम के अनुसार ड्रिंक्स ब्रेक दोपहर 2:30 बजे, 3:30 बजे और 4:30 बजे होंगे। टॉस से पहले भारतीय टीम में एक खास पल देखने को मिला, जब श्रेयस अय्यर ने प्रिंस यादव को डेब्यू कैप सौंपी। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) से जुड़े प्रिंस यादव अपने घरेलू मैदान इकाना स्टेडियम में भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय पदार्पण कर रहे हैं।

टीम प्रबंधन पहले ही खिलाड़ियों के रोटेशन की रणनीति पर संकेत दे चुका था, ऐसे में प्रिंस को मौका मिलना ज्यादा चौंकाने वाला नहीं माना जा रहा। अब नजर इस बात पर रहेगी कि गुरनूर और हर्ष अंतिम एकादश में अपनी जगह बरकरार रख पाते हैं या नहीं। आज खेले जाने वाले मैच की बात करें तो अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया है।

दोनों टीमें इस प्रकार हैं:-

अफगानिस्तान (प्लेइंग इलेवन): रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), दरविश रसूली, राशिद खान, नांगेयालिया खरोती, एएम गजनफर, मोहम्मद सलीम सफी, बिलाल सामी।

भारत (प्लेइंग इलेवन): यशस्वी जयसवाल, रोहित शर्मा, शुबमन गिल (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, गुरनूर बराड़, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव

# न्यूजीलैंड ने 2026–27 केंद्रीय अनुबंध सूची जारी की, डेवन कॉनवे की वापसी




**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड (एनजेडसी) ने 2026-27 सत्र के लिए बुधवार को अपनी केंद्रीय अनुबंध सूची घोषित कर दी है। इस सूची में सलामी बल्लेबाज डेवन कॉनवे की वापसी हुई है, जबकि तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर को भी दोबारा अनुबंध मिला है। वहीं आदित्य अशोक और मोहम्मद अब्बास इस बार सूची से बाहर हो गए हैं। डेवन कॉनवे पिछले दो वर्षों से दुनिया भर की टी-20 लीगों में व्यस्त रहने के कारण न्यूजीलैंड बोर्ड के साथ केवल सीमित समझौते के तहत जुड़े हुए थे।

हालांकि अब उन्होंने अगस्त 2026 से जुलाई 2027 तक राष्ट्रीय टीम के सभी अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए खुद को उपलब्ध करा दिया है। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि कॉनवे लंबे समय से तीनों प्रारूपों में टीम का अहम हिस्सा रहे हैं और उनकी वापसी ऐसे समय में हुई है जब टीम को बड़े बदलावों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से केन विलियमसन के हालिया संन्यास के बाद कॉनवे का अनुभव टीम के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दूसरी ओर तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर ने घरेलू क्रिकेट और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन किया। आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में उनके पांच विकेट भी चयन का बड़ा आधार बने। पिछले सत्र में केंद्रीय अनुबंध पाने वाले जैक फॉल्क्स और मिच हे ने भी अपना स्थान बरकरार रखा है।

एनजेडसी ने यह भी स्पष्ट किया कि माइकल ब्रेसवेल और मार्क चैपमैन ने टेस्ट क्रिकेट अनुबंध रैंकिंग में शामिल नहीं होने का अनुरोध किया है।

दोनों खिलाड़ी अब केवल सीमित ओवर प्रारूप के विशेषज्ञ के रूप में केंद्रीय अनुबंध सूची में रहेंगे। बोर्ड ने बताया कि आने वाले सप्ताहों में सीमित अनुबंध (कैजुअल प्लेइंग एग्रीमेंट) की भी घोषणा की जाएगी, जिसमें फिन एलेन, लॉकी फर्ग्यूसन और टिम सिफर्ट जैसे खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं।

# मुंबई में 'साइक्लिंग बाय द सी' के साथ हुआ फिट इंडिया साइक्लोथॉन, केंद्रीय खेलमंत्री ने किया नेतृत्व



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया विजन को आगे बढ़ाते हुए बुधवार को मुंबई के वर्ली कोस्टल साइकिल ट्रैक पर फिट इंडिया साइक्लोथॉन- 'साइक्लिंग बाय द सी' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने किया।

इस आयोजन में फिटनेस प्रेमियों, साइकिल चालकों, युवाओं और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया और स्वस्थ व सक्रिय जीवनशैली के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। डॉ. मांडविया ने साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और प्रतिभागियों के साथ साइकिल यात्रा में भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार फिटनेस को जन आंदोलन बनाने और सक्रिय जीवनशैली के जरिए विकसित भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में फिल्म अभिनेता जैकी श्रॉफ, ताहा शाह बदुशा, ऐश्वर्या राज भाखुनी तथा ओलंपियन पहलवान एवं पुलिस उपायुक्त नरसिंह यादव भी शामिल हुए और नागरिकों को फिटनेस अपनाने के लिए प्रेरित किया। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार फिटनेस को विकसित भारत की आधारशिला बताते रहे हैं। फिट इंडिया मूवमेंट देशभर के नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और फिटनेस को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित कर रहा है। उन्होंने साइक्लिंग के व्यापक महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि पश्चिम एशिया की परिस्थितियों के कारण ईंधन आपूर्ति को लेकर उत्पन्न चुनौतियों के बीच साइकिल को टिकाऊ और ऊर्जा-कुशल परिवहन के रूप में बढ़ावा देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि साइक्लिंग न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है बल्कि पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा बचत में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## अर्थव्यवस्था

# दीक्षा पॉलिमर्स का आईपीओ लॉन्च, 24 जून को हो सकती है लिस्टिंग

**नई दिल्ली।** पेट बॉटल और कंटेनर का उत्पादन करने वाली कंपनी दीक्षा पॉलिमर्स लिमिटेड का 17.90 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 19 जून तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 22 जून को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 23 जून को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 24 जून को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने के बाद शाम 3:45 बजे तक इस आईपीओ को 99 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिल चुका था। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 112 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 2,400 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,68,800 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 15,98,400 शेयर जारी हो रहे हैं।

इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 47.45 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए भी 47.45 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इसके अलावा मार्केट मेकर के लिए 5.10 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इस इश्यू के लिए आर्यमन फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि कैमियो कॉरपोरेट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। वहीं श्रेणी शेयर्स लिमिटेड कंपनी का मार्केट मेकर है। दीक्षा पॉलिमर्स की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 1.01 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 2.63 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का शुद्ध लाभ उछल कर 4.12 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में इसे 19.72 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 42.73 करोड़ और वित्त वर्ष 2025-26 में उछर कर 51.27 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

इस अवधि में कंपनी के कर्ज में लगातार वृद्धि हुई। वित्त वर्ष 2023-24 के अंत में कंपनी पर 4.47 करोड़ रुपये का कर्ज था, जो वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 12.91 करोड़ रुपये और 2025-26 में 15.10 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस अवधि में कंपनी के रिजर्व और सरप्लस में भी बढ़ोतरी हुई।

वित्त वर्ष 2023-24 में ये 1.37 करोड़ रुपये के स्तर पर था, जो 2024-25 में बढ़ कर चार करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह 2025-26 में कंपनी का रिजर्व और सरप्लस 4.92 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह ईबीआईटीडीए (अर्निंग बिफोर इंट्रेस्ट, टैक्सेज, डिप्रेशिएशंस एंड एमॉर्टाइजेशन) 2023-24 में 1.80 करोड़ रुपये के स्तर पर था, जो 2024-25 में बढ़ कर 4.71 करोड़ रुपये हो गया।

# मुंबई में कोयला और लिग्नाइट गैसीफिकेशन योजना पर कोयला मंत्रालय का तीसरा रोड शो आज

**नई दिल्ली।** कोयला मंत्रालय गुरुवार को मुंबई में 'सतही कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा देने की योजना' पर तीसरे रोड शो का आयोजन करेगा। इसका मुख्य उद्देश्य उद्योग की भागीदारी बढ़ाना और आयातित प्राकृतिक गैस तथा अमोनिया पर निर्भरता कम कर भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना है। कोयला मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि इस कार्यक्रम में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस विशेष अतिथि, जबकि कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे विशिष्ट अतिथि होंगे। मंत्रालय ने 'एक्स' पर जारी पोस्ट में बताया कि नई दिल्ली और हैदराबाद में आयोजित पिछले रोड शो को मिली उत्साहजनक सराहना के बाद मुंबई रोड शो में प्रमुख उद्योग हितधारकों, निवेशकों, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, नीति निमार्ताओं, कोयला क्षेत्र के प्रतिनिधियों, वित्तीय संस्थानों और राज्य सरकार के अधिकारियों के एक साथ आने की उम्मीद है, ताकि कोयला गैसीकरण के उभरते अवसरों पर विचार-विमर्श किया जा सके और कोयला संसाधनों के स्वच्छ और अधिक टिकाऊ उपयोग के राष्ट्र के द्दष्टिकोण का समर्थन किया जा सके।

# नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मालवाहक सेवाएं शुरू, चेन्नई से आई पहली कार्गो फ्लाइट

**नई दिल्ली।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर यात्री सेवा के बाद कार्गो सेवा की शुरूआत हो गई है। उत्तर प्रदेश के जेवर में स्थित नोएडा इंटरनेशनल हवाईअड्डे पर बुधवार सुबह पहली कार्गो फ्लाइट उतरी। जेवर के नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहला मालवाहक विमान आज सुबह चेन्नई से यहां पहुंचा। हवाई अड्डे पर मालवाहक विमान पर वाटर कैनन से पानी बरसा कर उसका स्वागत किया गया।

नोएडा एयरपोर्ट पर कार्गो सर्विस शुरू होने पर पश्चिमी यूपी के व्यापारियों को सबसे ज्यादा फायदा होगा। इस एयरपोर्ट पर मालवाहक संचालन के लिए एफकॉम कंपनी के साथ समझौता किया गया है। एयर इंडिया एसएटीएस एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एआईएसएटीएस) ने मालवाहक उड़ानों के लिए हवाई अड्डे पर लगभग करीब 80 एकड़ में मालवाहक केंद्र विकसित किया है। मालवाहक सेवाओं के लिए कंपनी बोइंग 737-800 के विमानों का इस्तेमाल करती है। यमुना इंटरनेशनल हवाई अड्डा प्राइवेट लिमिटेड के वाइस चेयरमैन क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने कहा कि इससे क्षेत्र में संपर्क बढ़ेगा और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से वाणिज्यिक उड़ान सेवा शुरू होने के अगले दिन मंगलवार को अकासा एयर ने नोएडा से नवी मुंबई और बंगलुरू के लिए उड़ानें शुरू की हैं।

एयरपोर्ट पर दूसरे दिन 12 विमान उतरे और सभी अलग-अलग शहरों के लिए उड़ान भरी।

# शेयर बाजार में तेजी, 77 हजार के पार पहुंचा सेंसेक्स

## बाजार की मजबूती से निवेशकों को 3.48 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा




**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की कीमत में लगातार गिरावट का रुख बनने की वजह से घरेलू शेयर बाजार आज लगातार चौथे कारोबारी दिन मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार में सेंसेक्स एक बार फिर 77 हजार अंक के स्तर के ऊपर पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी 24 हजार अंक के ऊपर खुलकर 24 हजार अंक के ऊपर ही बंद होने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.45 प्रतिशत और निफ्टी 0.40 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज दिनभर के कारोबार के दौरान कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, कैपिटल गुड्स और मेटल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह आईटी, बैंकिंग, हेल्थकेयर, ऑयल एंड गैस, टेक और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, एफएमसीजी, ऑटोमोबाइल और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में आज बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज खरीदारी होती रही, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.52 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.79 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई।

बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़कर 475.17 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 471.69 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.48 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,443 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,404 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,876 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 163 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 3,008 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,699 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,309 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर बढ़त के साथ और 10 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 33 शेयर हरे निशान में और 17 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 271.61 अंक की मजबूती के साथ 77 हजार अंक के स्तर को पार कर 77,080.09 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण थोड़ी ही देर में यह सूचकांक 39.99 अंक की कमजोरी के साथ 76,768.49 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिसकी वजह से सेंसेक्स की चाल में तेजी आ गई।

खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर 12 बजे के थोड़ी देर पहले इस सूचकांक 410.51 अंक की बढ़त के साथ 77,218.99 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसके कारण इस सूचकांक में की चाल में मामूली गिरावट भी आई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 347.14 अंक की तेजी के साथ 77,155.62 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 55.40 अंक उछल कर 24,044.55 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण यह सूचकांक थोड़ी देर में ही 19.45 अंक की गिरावट के साथ 23,969.70 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद लिवालों ने खरीदारी शुरू कर दी, जिसकी वजह से निफ्टी की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से दोपहर 11:30 बजे के करीब यह सूचकांक 119.05 अंक की तेजी के साथ 24,108.20 अंक के स्तर तक आ गया। इसके बाद एक बार फिर बिकवाली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक की चाल में थोड़ी गिरावट भी आई। पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी 96.55 अंक की मजबूती के साथ 24,085.70 अंक के स्तर पर बंद हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से ट्रेंट लिमिटेड 7.07 प्रतिशत, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स 3.02 प्रतिशत, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज 2.60 प्रतिशत, एटरनल 1.89 प्रतिशत और टाटा स्टील 1.54 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए।

दूसरी ओर, टीएमपीवी 8.30 प्रतिशत, सिप्ला 1.63 प्रतिशत, ओएनजीसी 1.29 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 1.27 प्रतिशत और एक्सिस बैंक 1.08 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

# पहले दिन ही दोगुना से ज्यादा सब्सक्राइब हुआ क्ले क्राफ्ट का आईपीओ

**नई दिल्ली।** बोन चाइना क्रॉकरी का उत्पादन करने वाली कंपनी क्ले क्राफ्ट इंडिया का 110.11 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 19 जून तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 22 जून को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 23 जून को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 24 जून को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने के बाद शाम चार बजे तक इस आईपीओ 2.24 गुना सब्सक्रिप्शन मिल चुका था। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 193 रुपये से लेकर 203 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 600 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 1,200 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,43,600 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 54.24 लाख नए शेयर जारी हो रहे हैं।